# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## संस्कारों का गुरुकुल

शिक्षक दिवस पर विशेष



*ज्ञान देने वाले गुरु ही सबसे श्रेष्ठ होते हैं...हमेशा वंदनीय। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज हम उन गुरुओं को याद कर रहे हैं, जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई युग में भी प्राचीन शिक्षा प्रणाली गुरुकुल को प्रासंगिक बना रखा है। देश और प्रदेश के कई इलाकों में हमारे गुरुकुल आज भी ध्रुव तारे की तरह जगमगा रहे हैं। इसकी रोशनी न केवल गुरु शिष्य परंपरा को निहाल कर रही है, बल्कि मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना की राह भी दिखा रही है।*

**गुरवः सर्वश्रेष्ठा भवन्ति ज्ञानदायिनः।**
**तेषां वन्दनमेकाग्रं कुर्यात्भक्त्या सदा नरः॥**



आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹78119/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹95410/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹104149/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

बिहार के मुंगेर जिले में स्थित है देश का एकमात्र योग विवि, यहां प्राचीन गुरुकुल परंपरा के आधार पर ही शिक्षा | परंपरा और अनुशासन को शिक्षकों ने बनाया शिक्षा का आधार स्तंभ, राजनांदगांव में भी शाखा

# गंगा तट पर गोबर से लिपी कुटिया, ब्रह्म मुहूर्त में साधना

### आश्रम के नियमों में व्यवधान पड़ता देख वापस की थी यूजीसी की संबद्धता

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

मोबाइल और इंस्टाग्राम रिल्स के जमाने में ज्ञान प्राप्त करने छात्रों का एक समूह सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में ही जागृत हो जाता है। गंगा तट की पहाड़ियों पर स्थित इस आश्रम में गुरु-शिष्य प्राचीन परंपरा का पालन करते हुए गुरुकुल पद्धति को जीवित रखे हुए हैं। भारतीय परंपरा को बचाए रखने विवि अनुदान आयोग द्वारा प्रदान की गई संबद्धता भी संस्थान द्वारा एक वर्ष के भीतर ही लौटा दी, क्योंकि यूजीसी के नियम गुरुकुल पद्धति में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे। ये किस्से हैं है मुंगेर जिले में स्थित बिहार योग संस्थान का। दशकों पहले मुंगेर में गंगा तट पर स्थित पहाड़ी पर वीरानगी छाई रहती थी। असामाजिक तत्वों का यहां जमावड़ा होता था। इन सबके बीच 1963 में यहां स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने अपने गुरु स्वामी शिवानंद सरस्वती की प्रेरणा से 'शिवानंद योगाश्रम' की नीव रखी। ▶▶|शेष पेज 7 पर



### प्रातः 4 बजे के पूर्व संपन्न करनी होती है नित्य क्रिया

मुंगेर के योग संस्थान में योग साधना सुबह 4 बजे ही प्रारंभ हो जाती है। इसके पूर्व उठकर योग छात्रों को नित्य क्रिया संपन्न करनी होती है। इसके पश्चात पूरे दिन योग क्रियाओं का संचालन होता है। संध्या आश्रम में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इसके बाद रात्रि 7:30 बजे सभी अभ्यर्थी अपने-अपने कमरे में व्यक्तिगत साधना करते हैं। रात्रि 8 बजे सभी आवासीय परिसर बंद हो जाते हैं और छात्र शयन के लिए चले जाते हैं। आश्रम की सहज व सादी व्यवस्था में मिलने वाली शांति को बनाए रखने यहां शिक्षक भी बाहरी दुनिया और दिखावे से दूर सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं।

### चातुर्मास होता है सर्वाधिक महत्वपूर्ण

यहां के प्रशासनिक प्रमुख स्वामी शास्वत ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में बताया कि चातुर्मास यहां साधना के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। दुनियाभर से साधक यहां ज्ञान प्राप्त करने आते हैं, जिन्हें शिक्षक गुरुकुल पद्धति का पालन करते हुए शिक्षा देते हैं। वर्तमान में गुरुकुल शैली में यहां चातुर्मासिक योग सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा यहां दर्शन योग, मनोविज्ञान योग, अप्लाइड योग और पर्यावरण योग विज्ञान में एक वर्षीय और दो वर्षीय पाठ्यक्रम संचालन भी होता है। यहां योगाभ्यास के लिए आ चुकीं दिग्गज हस्तियों में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व मोरारजी देसाई, न्यूजीलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री क्लिथ हालोस्की, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रमुख हैं।

# आधुनिक और वैदिक शिक्षा का अनोखा संगम

**संस्कार के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा दे रहे प्रदेश के गुरुकुल**

**रत्नेश सोनी/महासमुंद।** वैदिक शिक्षा धरोहर है और वर्तमान में आधुनिक शिक्षा आवश्यकता। इन दोनों की संगम स्थली के तौर पर महासमुंद के ग्राम कोसरंगी में संचालित आर्ष गुरुकुल ज्योति आश्रम में बीते 21 सालों से गुरुकुल का संचालन हो रहा है। साथ ही यहां इंग्लिश मीडियम के छात्रों के लिए भी स्कूल संचालित हैं। आधुनिकता और संस्कृति को संजोनों के सामंजस्य के साथ संचालित इस आश्रम के ▶▶|शेष पेज 7 पर



# श्लोक और शास्त्रों का ज्ञान वैदिक अध्ययन के साथ आधुनिक शिक्षा का भी ध्यान

परमानंद संस्कृत विद्यालय में गुरु शिष्य परंपरा के साथ शिक्षा का संगम 20 गांवों के 225 निशुल्क शिक्षा ले रहे



**सब कुछ निशुल्क**

### गुरु शिष्य की परंपरा और वैदिक अध्ययन

*शुरुआत में बच्चों की संख्या 30 के करीब थी, जो अब 225 तक पहुंच गई है। करीब ढाई एकड़ में फैले इस आश्रम में मां रेवा बालिका छात्रावास और मारुति बालक छात्रावास भी है, जहां बच्चे रहकर पढ़ाई करते हैं। यह पूरी तरह आवासीय* ▶▶|शेष पेज 7 पर

विकास चौबे ▶▶| बिलासपुर

आधुनिकता और व्यावसायिकता के इस दौर में भी धर्म, अध्यात्म और संस्कृति की पढ़ाई जहां हो ऐसे संस्थान कम होते जा रहे हैं। इन्हीं के बीच गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के गोरखपुर क्षेत्र में स्थित परमानंद संस्कृत विद्यालय पिछले 15 सालों से बच्चों को गुरु शिष्य की अपनी परंपरा कायम रखे हुए हैं। स्कूल में बच्चों को संस्कार के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान की जाती है। इस स्कूल में छग और मध्यप्रदेश के 20 गांवों के कुल 225 बच्चे पढ़ रहे हैं जिसमें से 170 बालिकाएं और 55 के करीब छात्र हैं। सबसे खास बात है कि इन बच्चों में सिर्फ तीन ही बच्चे सामान्य वर्ग के हैं बाकी सभी आदिवासी और पिछड़े वर्ग से हैं। संस्था द्वारा इन सभी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### स्कूल में ये सुविधाएं मिलती हैं

- यह संस्कृत विद्यालय होते हुए भी सभी आधुनिक विषय यहां पहली से बारहवीं तक पढ़ाए जाते हैं
- यह विद्यालय छत्तीसगढ़ शासन एवं संस्कृत विद्यामंडलम रायपुर से संबंध है
- यहां बालक एवं बालिकाओं को अलग-अलग छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है

# लुत्ती बांध के टूटने पर सीएम खफा कहा- ऐसी गलती बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में स्थित लुत्ती बांध के टूटने की घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की गलती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साय ने नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि मैदानी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में जाकर नियमित निरीक्षण नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण यह स्थिति बनी है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतत रूप से फील्ड में जाकर बांधों सहित अन्य संरचनाओं का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

- मैदानी अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में जाकर बांधों एवं संबंधित संरचनाओं का करें सतत निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री साय ने गुरुवार को मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग की गहन समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सिंचाई परियोजनाओं के रखरखाव और मरम्मत पर विशेष ध्यान देने, सभी बांधों की जलभराव क्षमता, वर्तमान सिंचाई स्थिति और आगामी परियोजनाओं की प्रगति आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विशेष ▶▶|शेष पेज 7 पर

**मुख्यमंत्री साय ने की जल संसाधन विभाग के कामकाज की समीक्षा**



### ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने लक्षित सिंचाई क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता के बीच अंतर को कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेषकर बस्तर और सरगुजा संभाग की अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्माणाधीन वृहद परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर बल दिया, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

### अफसरों ने दिया ब्योरा

बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्तमान में 4 वृहद परियोजनाएं, 357 लघु परियोजनाएं और 300 एनीकेट, इस प्रकार कुल 661 कार्य प्रगतिरत हैं। इसके अतिरिक्त 1036 जीर्णोद्धार कार्य भी चल रहे हैं। इस तरह कुल 1697 कार्य प्रगतिरत हैं, जिनमें लगभग 8966 करोड़ की राशि व्यय होगी।

**लुत्ती बांध बहने के बाद सन्नाटा**

# कड़या नाला में मिला बच्चे का शव, दो की तलाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

दो दिन पूर्व तक खुशहाल जीवन जी रहे ग्राम धनेशपुर में लुत्ती बांध बहने के बाद सन्नाटा पसर गया है। एक ही परिवार के तीन लापता ग्रामीणों में एक बालक का शव गुरूवार सुबह एक किमी दूर कइया नाला से बरामद किया गया। लापता ग्रामीणों की तलाश में गुरूवार को पूरे दिन तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन दो ग्रामीणों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ग्रामीणों ने दी सूचना

धनेशपुर से लगभग 1 किमी दूर अपने मवेशियों को चरा रहे ग्रामीणों ने कइया नाला में एक बच्चे का शव देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीणों ने सुबह 8.30 बजे बालक शव बाहर निकाला। शव कार्तिक आ. गणेश उम्र 6 वर्ष का है।

### चट्टान का हिस्सा गिरा सड़क पर, आवाजाही बंद

**कोरबा।** अजगरबहार से देवपहरी जाने वाले मार्ग पर गढ़उपरोड़ा के पास गुरुवार की सुबह बड़ा हादसा टल गया। अचानक पहाड़ से चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा टूटकर सड़क पर आ गिरा, जिससे पूरा मार्ग अवरुद्ध हो गया। यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग है, जहां से रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है।




**बांगों से छोड़ा गया 23420 क्यूसेक पानी**

# बांध लबालब, पिछले दो साल से अधिक जल भराव, बांगो के चार गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 12 बड़े बांधों के अलावा 34 छोटे और मध्यम बांधों में से 12 बांध लबालब हो गए हैं। यह पिछले दो साल के मुकाबले सबसे अधिक हैं। इस सीजन में एक दर्जन बांध ऐसे हैं, जहां 90 प्रतिशत से अधिक जल भराव हो गया है। वर्तमान में बांधों में 86.63 प्रतिशत जल भराव है। बांधों में इसी तारीख में वर्ष 2024 में 85.77 और 2023 में 71.86 प्रतिशत जल भराव की स्थिति थी।

मिनी माता बांगो बांध में अभी 90 प्रतिशत जलस्तर है, जो 2024 में 90 प्रतिशत था। वहीं गंगरेल बांध की स्थिति देखें तो पता चलता है कि अभी 90 प्रतिशत जल भराव के मुकाबले पिछले साल 73 था। तांदूला बांध में अभी 95 प्रतिशत पानी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ये बांध हुए लबालब

छत्तीसगढ़ में अब तक हुई बारिश से जो बांध लबालब हो गए हैं, उनमें खारंग, मनियारी, कोसारटेडा, परजकोट, घोंघा, खमारपाकुट, बांकी, कुंवरपुर, बेहराखार, खपरी, बरौनी और धारा जलाशयों में 100 प्रतिशत जल भराव हो गया है। इन बांधो में से कुछ बांधों में जलस्तर को बनाए रखने नहरों के माध्यम से पानी छोड़े जाने की जानकारी आई है। मानसून सीजन के अब अंतिम दौर में आने पर विभाग जलस्तर को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।



## श्री गुरुवे नमः

**1910 से 1930 के दशक तक गोलबाजार स्थित श्रीरामचन्द्र संस्कृत पाठशाला ही शिक्षा का आधार हुआ करता था। जब महंत वैष्णव दास दूधाधारी मठ के 9वें महंत बने, तो उन्होंने संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए 89 साल पहले मठ के खपरैल भवन में ही संत-महंतों और संस्कृत की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 24 अप्रैल 1936 में संस्कृत गुरुकुल पाठशाला शुरू की। गुरुकुल परंपरा और संस्कृत शिक्षा की अलख जगाते हुए कई गुरु बदले हैं। इसके बाद भी 89 साल पुरानी गुरुकुल परंपरा कायम है। अब पढ़ने के लिए छत्तीसगढ़ ही नहीं, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, ओडिशा और बनारस से भी विद्यार्थी गुरुकुल आते हैं।**

# संतों के लिए 89 साल पहले शुरू हुई संस्कृत पाठशाला, अब भी गुरु ही गुरुकुल के आधार

लवकुश शुक्ला ⏭ रायपुर

**शहर में श्रीदूधाधारी मठ के महंत ने शुरू की गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था, गुरु बदले, पर नहीं बदली परंपरा**

राजधानी के मठपारा में अलग-अलग जिलों और राज्यों से आए 50 शिष्य गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था के तहत संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करते हैं। नित्य कर्म के लिए सभी शिष्य सुबह 4 बजे ही मठ में बनाई गई व्यवस्था के तहत स्नान, ध्यान के बाद मठ में भगवान की प्रतिदिन होने वाली पूजा के विधान में सभी शिष्य शामिल होते हैं। सुबह सात से 8.30 बजे तक भगवान के पूजन, श्रृंगार और आरती के बाद विद्यार्थी स्वल्पाहार करते हैं। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक प्रथमा से लेकर उत्तर मध्यमा की शिक्षा प्राप्त करते और संस्कृत पाठशाला का हिस्सा बनते हैं। जमीन पर दरी और चटाई बिछाकर सभी संस्कृत के विद्यार्थी कक्षा में बैठते हैं। अभी तक कई गुरु बदले, पाठशाला का स्वरूप खपरैल से पक्के भवन में तब्दील हो गया, लेकिन शिक्षा का तरीका और दिनचर्या ही नहीं, बल्कि प्रवेश लेने वाले शिष्यों के लिए तय रूटीन भी यथावत है। इस संदर्भ में राजेश्री महंत रामसुन्दर दास ने बताया कि संस्कृत पढ़ने के लिए आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की शर्त ही संस्कृत में रुचि होना शामिल है।



### नए गुरु के आगमन पर करते है स्वागत

मठ के रामछबि दास बताते हैं, 50 शिष्य गुरुकुल में रहकर पढ़ाई करते हैं। पाठशाला में अभी भी संस्कृत, ज्योतिष, वेद-व्याकरण की पढ़ाई होती है। आगे बताया कि गुरु और शिष्य के बीच संवाद का तरीका अब भी गुरुकुल की तरह ही है। गुरु से संवाद की अनुमति मिलने पर ही विद्यार्थी प्रश्न करते और गुरु उनकी जिज्ञासा को संतुलित उत्तर देते हुए शांत करते हैं। नित्य गुरु वंदन के साथ ही कक्षा में प्रवेश और शिक्षा प्रारंभ होती है। इस आधुनिक दौर में भी गुरु शिक्षा के दौरान शिष्य के प्रति प्रेम भाव रखते हुए श्रेष्ठ शिक्षा देते हैं। गुरुकुल परंपरा के तहत ही नए गुरुओं के आने पर स्वागत सत्कार के साथ एक-दूसरे को अपना परिचय पुरानी परंपरा के तहत देते हैं।



### गुरु के बराबर बैठकर नहीं पढ़ते शिष्य

राजेश्री महंत ने बताया कि गुरु-शिष्य परंपरा का पालन अभी भी पाठशाला में किया जाता है। गुरु से ऊंचे या बराबर में बैठकर पढ़ने-पढ़ाने की जगह गुरुकुल परंपरा के तहत छठवीं से 12वीं कक्षा तक सभी शिष्य जमीन पर बैठकर ही शिक्षा प्राप्त करते हैं। धोती-कुर्ता उनका पहनावा यथावत है। उन्होंने बताया कि अभी तक गुरुकुल में शिक्षा देने वाले कई गुरु बदले हैं। जो नए गुरु आते हैं, उनको भी पुरानी परंपरा के तहत ही शिक्षा देने का दायित्व निभाते हैं। गुरु शिष्य के बीच संवाद भी आदर और सम्मान के भाव रखते हैं। सुबह से दोपहर दो बजे तक अध्ययन और अध्यापन का दौर चलता है। शिष्यों को आवास, भोजन, वस्त्र और अध्ययन सामग्री निःशुल्क देते हैं।

---

**श्री जैतूसाव मठ में तीन गुरु जगा रहे देव भाषा की अलख**

# धोती-कुर्ता पहनकर गुरुकुल में पढ़ाई, घर लौटते समय प्रोत्साहन राशि के साथ विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सतयुग, द्वापर और त्रेतायुग ही नहीं बल्कि कलयुग में भी गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था का अस्तित्व कायम है। भले ही आधुनिक दौर में तकनीकी शिक्षा हावी है, लेकिन शहर के पुरानी बस्ती स्थित श्री जैतूसाव मठ ट्रस्ट ने सनातन शिक्षा के आधार स्तंभ देव भाषा संस्कृत को जिंदा रखा है। यहां पढ़ने वाले शिष्य पैंट, शर्ट और आधुनिक परिधान में नहीं बल्कि धोती-कुर्ता पहने कक्षा में प्रवेश करते हैं। इससे पहले शिष्यों की दिनचर्या सुबह 5 बजे से शुरू होती है। पढ़ने वाले शिष्यों को गर्मी की छुट्टी में घर जाते समय प्रोत्साहन राशि देने का भी चलन है, जो इस पाठशाला को अनूठा बनाता है।

पुरानी बस्ती क्षेत्र कई ऐतिहासिक मठ-मंदिरों ही नहीं बल्कि पुरानी जीवन शैली और शिक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी खास महत्व रखता है। श्री जैतूसाव मठ ट्रस्ट के वर्तमान सचिव महेन्द्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में पाठशाला से जुड़ी हर गतिविधियों का पारंपरिक तरीके से संचालित की जा रही हैं। ट्रस्ट के अजय तिवारी ने बताया कि संस्कार और संस्कृति की जननी देव भाषा संस्कृत की शिक्षा व्यवस्था श्री जैतूसाव मठ में 11 वर्षों से संचालित है। सुबह 5 बजे से 60 विद्यार्थियों की दिनचर्या शुरू होती है। स्नान, ध्यान के बाद मठ में होने वाली पूजा में शामिल होने के बाद साढे 8 बजे के बाद स्वलपाहार करते हैं। 10 बजे गुरुकुल की पाठशाला में दोपहर 2 बजे तक पुरानी व्यवस्था के तहत संचालित होती है। इसमें चटाई पर बैठकर शिष्य विद्या अध्ययन करते हैं। इस बीच दोपहर में उनके भोजन के लिए समय तय है।



### हर विद्यार्थी के गुण-दोष का आंकलन

गुरुकुल में देव भाषा की शिक्षा के लिए कवर्धा, बिलासपुर, राजनांदगांव, बेमेतरा, महासमुंद सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों से संस्कृत की शिक्षा प्राप्त करने के लिए इस शिक्षा सत्र के लिए भी प्रथमा से उत्तर मध्यमा तक की कक्षाओं में 60 विद्यार्थी गुरुओं की निगरानी शिक्षा प्राप्त करते हैं। हर गुरु शिक्षा देने के साथ ही उनके गुण-दोषों का आंकलन करते हैं। यह व्यवस्था भी गुरुकुल परंपरा का हिस्सा है। पहले भी शिक्षा पूर्ण होने पर अभिभावक अपने बच्चों के बारे में गुरुओं से संवाद के जरिए जानकारी लेते हैं। ट्रस्ट के अजय तिवारी ने बताया कि गुरुकुल में पढ़ने वाले विद्यार्थी गर्मी की छुट्टी में जब घर जाते हैं, तो उन्हें प्रोत्साहन राशि दी जाती है, ताकि वे अपनी जरूरत पूरी कर सकें। शिक्षा के बाद वे वैदिक अनुष्ठान में पारंगत होते हैं।

### गुरुकुल व्यवस्था के तहत ही संचालन

संस्कृत की पाठशाला में अभी डा.राजेश तिवारी सहित तीन शिक्षक हैं, जो प्रथमा से लेकर उत्तर मध्यमा तक की कक्षाओं में संस्कृत की शिक्षा देते हैं। कक्षा में गुरु शिष्य के बीच संवाद गुरुकुल व्यवस्था का एहसास कराता है। सभी शिष्य कक्षा में गुरुदेव के प्रवेश पर अभिवादन करते और गुरु के निर्देश पर ही बैठते हैं। कक्षा का समय खत्म होने के बाद आराम करने और व्यक्तिगत काम पूरा करने के बाद शाम को मठ में होने वाली पूजा से जुड़ी व्यवस्था के साथ प्रयोग होने वाले श्लोकों का उच्चारण गुरुओं के मार्गदर्शन में करते हैं। श्री तिवारी ने बताया कि गुरुकुल परंपरा को जिंदा रखने और संस्कृत पढ़ने में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को आवास, भोजन, कपड़ा ही नहीं बल्कि अध्ययन सामग्री भी निःशुल्क दिया जाता है।

---

**40 गांव के 180 बच्चों को निःशुल्क दी जा रही है रहने और पढ़ने की सुविधा**

**शिक्षा के व्यावसायीकरण के दौर में अगर कहीं गुरुकुल की तर्ज पर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए कोई आवासीय स्कूल का संचालन होता नजर आए तो वह अपने आपमें अनोखा माना जाता है। ऐसा ही एक आवासीय विद्यालय ग्राम देवपहरी में 25 वर्षों से संचालित है। जहां 40 गांव के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है।**

# गुरुकुल की तर्ज पर वनांचल गांव देवपहरी में चल रहा विद्यालय

संतोष पाण्डेय ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर ग्राम देवपहरी जो पर्यटन के क्षेत्र में समूचे प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखता है। यहां वर्ष 2000 में आदिशक्ति मां दुर्गा मंदिर का निर्माण करने के बाद गौमुखी सेवाधाम संस्था के द्वारा आसपास के सुदूर वनांचल ग्रामों का आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक विकास करने के उद्देश्य से वर्ष 2002 में मात्र 9 बच्चों से एक आवासीय स्कूल की स्थापना की गई। एकलव्य आवासीय विद्यालय के नाम से शुरु हुए इस विद्यालय में गुरुकुल की तर्ज पर ग्रामीण बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। जहां उनके रहने, खाने के साथ साथ शिक्षा निःशुल्क है। 10 ग्राम पंचायतों के 40 गांवों के बच्चे यहां पढ़ने आते हैं।



### स्मरण वंदना के साथ दिन की शुरुआत

आश्रम में रहने वाले बच्चे सुबह जब उठते हैं तो उन्हें स्मरण वंदना कराई जाती है और उसके बाद ही उनके जीवन की दैनिक दिनचर्या शुरु होती है। पहली से लेकर दसवीं तक की कक्षा की पढ़ाई हो रही है। 25 वर्ष के इस लंबे समय में मात्र 9 बच्चों से शुरु हुए आवासीय विद्यालय में आज 180 बच्चे अध्यनरत हैं। गौमुखी सेवाधाम के कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता कहते हैं कि आवासीय विद्यालय की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क है। स्व. चौधरी मित्र सेन आर्य की स्मृति में इस विद्यालय का संचालन हो रहा है। वर्ष 2020 तक आवासीय विद्यालय संस्था के सहयोग से ही संचालित रही। इससे होने वाले आर्थिक सहयोग से शिक्षकों को मानदेय और कर्मचारियों को पारिश्रमिक दिया जाता है। छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सप्ताह में एक दिन होता है।

---

## अनूठी पहल


**पंडित जेएनएम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पारिवारिक माहौल बनाने एक्सट्रा क्लास, लोगों से बना रहे जुड़ाव इसलिए स्वास्थ्य शिविर**

**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रिमोट क्लास के दौर में पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में गुरुकुल की परंपरा का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां के बायोकेमेस्ट्री सहित अन्य विभाग के चिकित्सक नियमित पढ़ाई के बाद प्रदेश की लोक संस्कृति और व्यवहारिकता का ज्ञान देने के लिए एक्सट्रा क्लास ली जा रही है। विद्यार्थियों के बीच पारिवारिक माहौल के साथ आम लोगों से जुड़ाव बना रहे, इसके लिए कालेज के बाहर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जा रहे हैं।**

# मेडिकल की पढ़ाई के साथ लोक संस्कृति और व्यावहारिक ज्ञान

विकास शर्मा ⏭ रायपुर

एनएमसी ने पिछले साल चिकित्सा महाविद्यालयों में गुरु-शिष्य की परंपरा शुरू करने की अनूठी पहल की थी। इस निर्देश का पालन शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में किए जाने की कोशिश की जा रही है। बायोकेमेस्ट्री विभाग में पीजी की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के साथ मिलकर चिकित्सा शिक्षक गुरुकुल जैसा माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिये आधुनिक संसाधनों के साथ नियमित क्लास के बाद ब्लैक बोर्ड चाक डस्टर के साथ प्रत्यक्ष रूप से कक्षाएं आयोजित कर विद्यार्थियों के ज्ञान का विस्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। यहां पाठ्यक्रम और किताबी ज्ञान के अलावा लोक संस्कृति और व्यवहार की शिक्षा दी जा रही है। पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थी अच्छे डॉक्टर के रूप में समाज मे अपनी पहचान बना सके इसके लिए उन्हें व्यवहार कुशल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कॉलेज के बाहर समय समय पर चिकित्सा शिविर लगाकर उन्हें आम लोगों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



### पुरानी पद्धति से व्यक्तिगत जुड़ाव

विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पीयूष भार्गव बताते हैं कि आधुनिक संसाधनों के उपयोग से ज्ञान का विस्तार काफी फायदेमंद है। इसकी मदद से कई किलोमीटर दूर बैठे विद्यार्थियों तक शिक्षा पहुँचाई जा सकती है, लेकिन इससे विद्यार्थी और शिक्षकों के बीच व्यक्तिगत जुड़ाव नहीं हो पाता। इसलिए विभाग में अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर इस दूरी को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि गुरु और शिष्य के बीच वर्तमान समय मे आ रही दूरी की कम करने किया जा सके। छात्र टीचर को अपना पालक समझे और शिक्षक भी अपने छात्र को चहुमुंखी ज्ञान से अवगत कराएं।

---

**गुरुकुल में तैयार हो रहे सनातन संस्कृति के सिपाही**

# वानप्रस्थी चतुर्भुज ने दान दी 10 एकड़ जमीन, तुरंगा में गूंज रहे वैदिक मंत्र

संतोष साव ⏭ रायगढ़

**आधुनिक शिक्षा और तकनीक की चकाचौंध के बीच भी रायगढ़ जिले के तुरंगा गांव में स्थित आर्य गुरुकुल आश्रम परंपरा और संस्कारों की अद्भुत मिसाल बना हुआ है। यहां हर सुबह वैदिक मंत्रों की स्वर-लहरियां गूंजती हैं और पूरा वातावरण आध्यात्मिकता से भर उठता है। संस्कृत के प्रचार-प्रसार के साथ यह आश्रम आज सनातन संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बन चुका है।**

आश्रम की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी। इसकी नींव तब पड़ी, जब गांव के वानप्रस्थी चतुर्भुज गुप्ता ने अपनी 10 एकड़ भूमि दान कर दी। उनका यह त्याग और योगदान आज शिक्षा व संस्कार का ऐसा केंद्र बना चुका है। मुख्यमंत्री, राज्यपाल समेत कई गणमान्य लोग इस गुरुकुल का दौरा कर चुके हैं। आश्रम संचालक आचार्य राकेश ने बताया कि वर्तमान में यहां लगभग 150 छात्र अध्ययनरत हैं। करीब 70 छात्र आश्रम में ही निवास करते हैं। विशेष बात यह है कि यहां केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि नागालैंड और असम जैसे राज्यों से भी विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। छात्र यहां स्वयं भोजन तैयार करते हैं, कपड़े धोते हैं और साफ-सफाई करते हैं। आत्मनिर्भरता और सामूहिक जीवन जीने के संस्कार विकसित हो रहे हैं। सनातन धर्म-संस्कृति को नई दिशा देने का प्रयास है।




### स्वामी धर्मानंद सरस्वती की परंपरा का विस्तार

तुरंगा का यह गुरुकुल स्वामी धर्मानन्द सरस्वती द्वारा शुरू की गई परंपरा का हिस्सा है। देशभर में आर्य गुरुकुल की शाखाएं स्थापित हैं। छत्तीसगढ़ में ऐसे 5 गुरुकुल संचालित हो रहे हैं। जबकि ओडिशा में 10 और झारखंड, नागालैंड व असम में 1-1 गुरुकुल सक्रिय हैं।

### दिनचर्या

सुबह 4:00 बजे जागरण, 4:30 से 5:30 स्वाध्याय, 5:30 से 6:00 व्यायाम, 7:15 से 8:00 हवन-पूजन 8:00 से 8:30 जलपान, 8:45 से 10:45 होमवर्क, 11:00 से 4:30 स्कूल शिक्षा, 5:30 से 6:30 व्यायाम, 7:30 भोजन, रात्रि 9 बजे शयन।




रायपुर
शुक्रवार, 5 सितंबर 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 24, अंक : 50
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**
मौसम
अधि. 29.4
न्यून. 24.0

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


शिक्षक दिवस आज








# रविवि सहित राज्य की सभी यूनिवर्सिटी शीर्ष-100 से बाहर, आईआईएम 15वें और 31वें पायदान पर एम्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग जारी कर दी गई है। हर साल एनआईआरएफ रैंकिंग आमतौर पर जून-जुलाई में जारी की जाती है। इस बार मामला कोर्ट में जाने की वजह से देरी हुई। इस बार भी प्रदेश के विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों सहित प्रबंधन और इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रदर्शन में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। अगस्त माह में नैक से ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने वाला पं.रविशंकर शुक्ल विवि शीर्ष-100 में अपनी जगह नहीं बना सका ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

## कृषि विवि की रैंकिंग में सुधार

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ओवलऑल रैंकिंग के शीर्ष-100 में अपनी जगह नहीं बना सका, लेकिन कृषि संस्थानों के लिए पृथक रूप से जारी की जाने वाली रैंकिंग में प्रदर्शन में सुधार अवश्य हुआ है। कृषि विवि को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में संचालित 173 उच्च शिक्षा संस्थानों में 28वां स्थान प्राप्त हुआ है। कृषि विवि ने एक वर्ष की अवधि में एनआईआरएफ रैंकिंग में 11 पायदान की छलांग लगाई है। पिछले सत्र में कृषि विवि 39वां स्थान पर था। छत्तीसगढ़ राज्य से एनआईआरएफ रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने वाला एक मात्र विश्वविद्यालय है।



- नेशनल इंस्टिट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क जारी प्रदेश के शैक्षणिक संस्थान नहीं बना सके अपनी जगह
- आईआईटी मद्रास फिर ओवरऑल टॉपर, दिल्ली यूनिवर्सिटी के महाविद्यालयों का दबदबा

### ये हैं शीर्ष-10 संस्थान

1. आईआईटी मद्रास
2. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरू
3. आईआईटी बॉम्बे
4. आईआईटी दिल्ली
5. आईआईटी कानुपर
6. आईआईटी खड़गपुर
7. आईआईटी रूड़की
8. एम्स दिल्ली
9. जेएनयू दिल्ली
10. बीएचयू वाराणसी

### 16 कैटगरी में होती है कॉलेजों की रैंकिंग

राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को 16 कैटगरी में रैंकिंग देता है। इसमें विश्वविद्यालय, कॉलेज, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, फार्मेसी, लॉ, मेडिकल, वास्तुकला, डेंटल, इनोवेशन, एग्रीकल्चर और संबद्ध क्षेत्र, रिसर्च संस्थान, ओपन विश्वविद्यालय, स्किल विश्वविद्यालय और राज्य-वित्तपोषित सार्वजनिक विश्वविद्यालय शामिल हैं। अंतिम तीन कैटगरी साल 2024 में जोड़ी गईं।

### जीएसटी सरलीकरण को प्रधानमंत्री ने बताया 'अब तक का सबसे बड़ा सुधार'

# मोदी ने कहा-दिवाली से पहले यह खुशियों का 'डबल धमाका'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लागू किए गए जीएसटी सरलीकरण को देश की टैक्स व्यवस्था में "अब तक का सबसे बड़ा सुधार" बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल व्यापारियों और उद्योग जगत के लिए राहत लेकर आएगा बल्कि आम जनता के जीवन पर भी सकारात्मक असर डालेगा। उन्होंने कहा कि मैंने इस बार 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगली पीढ़ी के सुधार करना बेहद जरूरी है। मैंने देशवासियों से यह वादा भी किया था कि इस दिवाली और छठ पूजा से पहले खुशियों की दोहरी बौछार होगी। उन्होंने कहा, इस बार धनतेरस की रौनक भी और ज्यादा रहेगी, क्योंकि दर्जनों चीजों पर टैक्स अब बहुत ही कम हो गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, जीएसटी सुधार से भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। यह कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाएगा।सरलीकृत संरचना से कारोबारियों को सुविधा होगी, कर चोरी कम होगी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### उद्योग जगत की प्रतिक्रिया

उद्योग जगत ने भी इस सुधार का स्वागत किया है। उनका कहना है कि कर-प्रणाली सरल होने से अनुपालन आसान होगा। देश में निवेश का माहौल सुधरेगा। विदेशी निवेशकों का भरोसा भी मजबूत होगा।

### 22 सितंबर से क्यों होंगे लागू

पीएम मोदी ने इन सुधारों को 22 सितंबर से लागू होने की वजह भी बताई। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि 22 सितंबर को यानी नवरात्रि के पहले दिन, अगली पीढ़ी का सुधार लागू होगा क्योंकि ये सभी चीजें निश्चित रूप से 'मातृशक्ति' से जुड़ी हैं। आगे उन्होंने कहा कि आठ साल पहले जब जीएसटी लागू हुआ था, तो कई दशकों का सपना साकार हुआ था। यह चर्चा मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद शुरू नहीं हुई।

### जीएसटी-2.0, देश के 1.4 अरब उपभोक्ताओं को मिलेगा बड़ा फायदा

# दो स्लैब, राहत बड़ी, 100 की खरीदी में बचेंगे 7 रुपए

*बजट में इनकम टैक्स के मोर्चे पर राहत देने के बाद अब मोदी सरकार ने जीएसटी पर भी आम आदमी को दिवाली तोहफा दिया है। 5, 12, 18 और 28 फीसदी के तौर पर सामान पर लगने वाले टैक्स को अब केवल 5 और 18 फीसदी के टैक्स में तब्दील कर दिया गया है। ऐसे में 100 रुपए की खरीदारी में करीब 7 रुपए की बचत होगी। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी काउंसिल द्वारा मंजूर किए गए बड़े सुधारों की सराहना की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी सरकार की ओर से जीएसटी स्लैब में जिस तरह से बदलाव किया गया है, उसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ेगा। इसे आसान भाषा में समझा जा सकता है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई सामान 100 रुपए का था, तो उस पर अभी तक 12% जीएसटी लग जाने के बाद मौजूदा एमआरपी यानी अधिकतम कीमत 100+12=112 रुपए हो जाती है। आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाला ज्यादातर सामान इसी 12 प्रतिशत के जीएसटी स्लैब में आता था, लेकिन जीएसटी में बदलाव के बाद इसकी अधिकतम कीमत अब 100+5=105 रुपए हो जाएगी। इसका मतलब साफ है कि जो सामान पहले 112 रुपए का मिलता था वो नए जीएसटी स्लैब के बद 105 रुपए का मिलेगा। यानी सीधे तौर पर आम आदमी की जेब में 7 रुपए का फायदा होगा। खाने पीने के साथ ही अन्य जरूरी सामान पर अब 12 की जगह 5 प्रतिशत का जीएसटी टैक्स लगाया जाएगा। इसमें मक्खन, नमकीन, घी, भुजिया, चीज, ▶▶|शेष पेज 7 पर

### यह भी जानें

- बिजनेस, प्रीमियम श्रेणी की हवाई यात्रा अब हो जाएगी महंगी
- 2,500 रुपए से अधिक कीमत वाले कपड़े हो जाएंगे महंगे
- जीएसटी दर पांच प्रतिशत होने से सैलून, जिम, योगा केंद्र सेवाएं सस्ती
- अब 7,500 रुपए तक किराये वाले होटल कमरे हो जाएंगे सस्ते
- बाटा ने ग्राहकों को जीएसटी की दर में कटौती का लाभ देना शुरू किया
- आईपीएल देखने के लिए अब जेब करनी पड़ेगी ढीली

> नवरात्रि से होगी शानदार शुरुआत, बड़े स्लैब में बदलाव से होगा फायदा

> जीएसटी परिषद की बैठक में विपक्षी राज्यों ने राजस्व कमी को लेकर चिंता जताई



**अड़ गए थे विपक्षी राज्य :** जीएसटी परिषद की बैठक में पंजाब और पश्चिम बंगाल तो बाद में तैयार हो गए पर कर्नाटक और केरल आख़िरी वक़्त तक अड़े रहे। वे चाहते थे कि राज्यों की राजस्व हानि की भरपाई के लिए केंद्र सरकार कोई ठोस आश्वासन दे।

### सरकार की घोषणा का ऐसा असर

- शेयर बाजार में दिखी तेजी, सेंसेक्स 410, निफ्टी में 135 अंक की तेजी
- बाजार में ऑटो, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर्स में तेजी
- सोना 1,000 रुपए और चांदी 500 रुपए घटी

### इन सामान पर 12 से घटकर 5% जीएसटी

| सामान | वजन | पहले | अब |
|---|---|---|---|
| मक्खन | 100 ग्राम | 60 रुपए | 55 रुपए |
| घी | एक किलो | 575 रुपए | 535 रुपए |
| नमकीन | 500 ग्राम | 100 रुपए | 93 रुपए |
| चीज | 200 ग्राम | 129 रुपए | 121 रुपए |
| चीनी | एक किलो | 55 रुपए | 52 रुपए |
| चाय | एक किलो | 490 रुपए | 458 रुपए |
| मसाला | 500 ग्राम | 500 रुपए | 465 रुपए |
| नमक | एक किलो | 27 रुपए | 26 रुपए |
| सरसो का तेल | एक लीटर | 200 रुपए | 186 रुपए |
| चावल | एक किलो | 89 रुपए | 83 रुपए |
| दाल | एक किलो | 160 रुपए | 150 रुपए |
| आटा | पांच किलो | 237 रुपए | 223 रुपए |
| साबुन | एक पैक | 60 रुपए | 57 रुपए |
| साबुन कपड़ा | 5 का पैक | 50 रुपए | 48 रुपए |
| शैम्पू | 250 एमएल | 250 रुपए | 233 रुपए |
| लाइज़ॉल | 500 एमएल | 123 रुपए | 113 रुपए |
| बादाम | 500 ग्राम | 450 रुपए | 420 रुपए |
| काजू | 200 ग्राम | 234 रुपए | 220 रुपए |
| मखाना | 100 ग्राम | 156 रुपए | 150 रुपए |
| दूध (टैट्रा पैक) | एक लीटर | 74 रुपए | 70 रुपए |
| खजूर | 500 ग्राम | 160 रुपए | 150 रुपए |
| आचार | एक किलो | 200 रुपए | 186 रुपए |
| फल के जूस | एक लीटर | 121 रुपए | 114 रुपए |

(नोट : नए रेट अनुमानित हैं, कंपनी के हिसाब से इसमें बदलाव हो सकता है।)

### राज्यों को राजस्व क्षतिपूर्ति की अवधि पांच साल बढ़े: कांग्रेस

कांग्रेस ने जीएसटी में सुधारों को लेकर बृहस्पतिवार को दावा किया कि अभी भी सच्चे जीएसटी 2.0 (जीएसटी के दूसरे संस्करण) का इंतजार जारी है। यह जीएसटी 1.5 है, क्योंकि अभी यह देखना होगा कि क्या निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और क्या एमएसएमई पर बोझ कम होगा। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि राज्यों की यह मांग अभी भी अनसुलझी है तथा पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है कि राजस्व की क्षतिपूर्ति की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, लगभग एक दशक से कांग्रेस जीएसटी के सरलीकरण की मांग कर रही है। मोदी सरकार ने "एक राष्ट्र, एक कर" को एक राष्ट्र, नौ कर बना दिया था।

## खबर संक्षेप

### बदमाशों ने व्यवसायी से 30 लाख रुपए लूटे

**जमशेदपुर।** झारखंड में अज्ञात बदमाशों ने एक व्यापारी की आंखों में मिर्च पाउडर छिड़ककर उससे 30 लाख रुपए लूट लिए। व्यवसायी साकेत आगीवाल गुरुवार दोपहर स्कूटर पर सवार होकर बैंक में राशि जमा कराने जा रहे थे। तभी उनके घर से लगभग 600 -700 मीटर दूर चार लोगों ने रोक लिया।

### केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना नियम किए अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना के तहत लाभों से संबंधित सेवा मामलों के विनियमन को लेकर नियम अधिसूचित किए हैं। योजना के तहत नामांकन और सेवानिवृत्ति की तिथि से एक वर्ष पहले या वीआरएस से तीन महीने पहले यूपीएस से एनपीएस में स्विच करने की सुविधा सहित अन्य नियम शामिल होंगे।

### गिरोह से नौ करोड़ रुपए मूल्य स्मैक जब्त

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर लगभग नौ करोड़ रुपये मूल्य की 1.485 किलोग्राम 'स्मैक' जब्त की। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर छंगा होटल के पास की गई।

# जेम पोर्टल से खरीदी में अनियमितताएं सरकार सतर्क, अब एक करोड़ रुपए से ऊपर के हर सौदे पर नजर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में हर सरकारी खरीदी जेम पोर्टल से करना अनिवार्य है, लेकिन इन सौदों को लेकर कई विभागों में अनियमितता सामने आने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने जेम से खरीदी के मामले में अब सभी प्रशासकीय विभागों को एक करोड़ तक के सौदे पर खास नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। यह सौदा चाहे किसी वस्तु का हो या सेवा का। यही नहीं, अब किसी भी खरीदी के लिए किसी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए कोई भी शर्त नहीं जोड़ी जा सकेगी

खास खबर

**एक करोड़ से अधिक के सौदे पर रहेगी नजर:** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने सभी प्रशासकीय विभागों से कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ये है मामला

राज्य में छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 के मुताबिक भारत सरकार के जेम पोर्टल से वस्तुओं और सेवा के क्रय का प्रावधान किया गया है। यह खरीदी राज्य के सभी विभागों द्वारा की जाती है। लेकिन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग का कहना है कि हाल ही में कतिपय विभागों के द्वारा क्रय में कुछ अनियमितताएं प्रकाश में आई है। इसी गड़बड़ी के मद्देनजर अब राज्य के सभी भार साधक सचिवों को निर्देश दिए गए हैं।

### हर खरीदी अब जेम से ही करनी होगी

इस पूरे मामले को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्देश भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 3 के हवाले से दिया गया है। इसमें कहा गया है कि जेम पोर्टल पर उपलब्ध वस्तु या सेवा का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए। किसी विशेष परिस्थिति में भी, वित्त विभाग की अनुमति लेनी होगी। यही नहीं, इसमें एक खास बात ये भी है कि पूर्व में 50 हजार से कम मूल्य की वस्तु या सेवा की खरीदी के लिए पोर्टल से भिन्न माध्यम से खरीदी का प्रावधान था, अब इस प्रावधान को हटा लिया गया है।

### कोई भी अनुचित शर्त रखकर खरीदारी नहीं

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने ये भी कहा है कि विभाग के अंतर्गत अधिक मूल्य की कुछ ऐसी वस्तुएं या सेवाएं हो सकती है जिनकी खरीदी हर साल किया जाना आवश्यक हो या जिनका क्रय अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा किया जाना आवश्यक हो, ऐसी वस्तु या सेवा के विवरण स्पेसिफिकेशन में एकरूपता होनी चाहिए। यह भी साफ किया गया है कि स्पेसिफिकेशन में ऐसी कोई शर्त ▶▶|शेष पेज 7 पर

सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान

## थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी से जुड़ी एक खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले में जनहित याचिका दायर करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन को रोकने सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था।



### कोर्ट ने दिए थे निर्देश

शीर्ष अदालत ने कहा था कि सीसीटीवी प्रणाली 'नाइट विजन' से लैस होना चाहिए और इसमें ऑडियो और वीडियो फुटेज होने चाहिए। उसने कहा कि केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए ऐसी प्रणाली खरीदना अनिवार्य होगा जिसमें कम से कम एक साल तक डेटा स्टोर किया जा सके।

कुकी समुदाय-सरकार की डील

## मणिपुर हाईवे पर जल्द ही बेरोकटोक दौड़ेंगी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कुकी-जो समुदाय के दो प्रमुख संगठनों ने सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें वे मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने, निर्दिष्ट शिविरों को संवेदनशील क्षेत्रों से स्थानांतरित करने और राज्य में दीर्घकालिक शांति के लिए सहमत हुए। राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को खोलने का फैसला किया है जो मणिपुर से होकर गुजरता है।

### राष्ट्रपति शासन लागू

मणिपुर में वर्तमान में राष्ट्रपति शासन लागू है। तत्कालीन मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने महीनों की जातीय हिंसा के बाद गत 9 फरवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया था।

आरोपियों की अपील खारिज

## प्रतिबंधित सामान की ऑनलाइन डिलीवरी भी कानूनन अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने साफ किया है कि प्रतिबंधित सामान की आनलाइन डिलीवरी करना भी कानूनन अपराध है। कोर्ट ने कहा कि, ऐसा नहीं कहा जा सकता कि डिलीवरी बाय या वेयर हाउस प्रदाता की कोई जिम्मेदारी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### सरकार ने जारी की थी एडवाइजरी

शासन की ओर से महाधिवक्ता ने कहा कि प्रतिबंधित वस्तुओं की खरीद-फरोख्त न तो कोई व्यक्ति कर सकता है और न ही बिना लाइसेंस डिलीवरी की जा सकती है। 2024 में सरकार ने ई-कामर्स प्लेटफार्म और एप उपयोगकर्ताओं को इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की थी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

# कोर्ट में बोले ट्रंप- भारत पर टैरिफ लगाना बेहद जरूरी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

टैरिफ नीतियों को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी कोर्ट से पहले ही झटका मिल चुका है। अदालत ने दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ को गैर कानूनी बताए हुए कहा था कि ट्रंप के पास हर देश पर इस तरह के टैरिफ लगाने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। इस दौरान अदालत ने यह भी कहा था कि आपातकाल घोषित कर दुनिया पर टैक्स लगाना सही ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अमेरिकी कोर्ट में डोनाल्ड ट्रंप की दलील

ट्रंप प्रशासन ने कोर्ट से कहा है, हमने हाल ही में यूक्रेन युद्ध से जुड़े मामलों से निपटने के लिए रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर टैरिफ लगाने की अनुमति दी है। यह बेहद जरूरी है। ट्रंप सरकार ने यह भी कहा है कि एक साल पहले अमेरिका एक मृत अर्थव्यवस्था था और अब जिन देशों ने हमारे साथ इतना बुरा व्यवहार किया है, उनसे ट्रिलियन डॉलर आ रहे हैं।



- निचली अदालत ने ट्रंप के फैसले को बताया था गलत

### भारत से आयातित उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के अलावा रूस से तेल खरीदने के लिए जुर्माने के तौर पर अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ भी लगाया है। इसके बाद अब अमेरिका भारत से आयातित उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ वसूल रहा है। अमेरिका की ओर से बार बार यह कहा गया है कि भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन युद्ध में रूस की आर्थिक मदद कर रहा है।

### राजग के बिहार बंद का राज्य में कहीं ज्यादा तो कहीं दिखा कम असर

# पीएम मोदी को गाली, 12 जिलों में हाईवे जाम, सड़कों पर उतरे एनडीए के कार्यकर्ता



एजेंसी ▶▶| पटना

महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा म नरेंद्र मोदी को दी गई मां की गाली के खिलाफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बिहार बंद का राज्य में कहीं ज्यादा तो कहीं कम असर रहा। सड़क यात्रा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई। समस्तीपुर, बेगूसराय, छपरा, हाजीपुर, दरभंगा में समेत 12 जिलों में 2 से 3 घंटे नेशनल हाईवे जाम किया गया। गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। बंद को लेकर कांग्रेस और राजद ऑफिस की सुरक्षा बढ़ाई गई थी। साथ ही पटना में 2 हजार से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए।

27 अगस्त को दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान राहुल-तेजस्वी के कार्यक्रम के बाद सभा स्थल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मां की गाली दी गई थी। इसके बाद से ही बीजेपी लगातार प्रदर्शन कर रही है।

### बिहार में 5 से 15 नवंबर के बीच तीन चरणों में वोटिंग!

निर्वाचन आयोग के सूत्रों के मुताबिक बिहार में नई विधानसभा चुनने के लिए नवंबर के पहले और दूसरे हफ्ते में मतदान संभव है। दुर्गापूजा के बाद अक्टूबर के पहले हफ्ते या दूसरे हफ्ते के शुरुआती दिनों में निर्वाचन आयोग बिहार विधानसभा के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। चुनाव आयोग दिवाली और छठ पूजा के बाद बिहार में मतदान की तारीख जारी करेगा। मतदान के लिए कार्तिक पूर्णिमा पर्व का भी ध्यान रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार दो या फिर तीन चरणों में मतदान कराए जाने की संभावना है। 22 नवंबर से पहले नई विधानसभा के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लिहाजा 5 से 15 नवंबर के बीच मतदान संभव है। मतगणना और नतीजे 20 नवंबर से पहले ही आ जाएंगे। वैसे भी सामान्य परिपाटी के अनुसार एसआईआर के बाद बिहार में मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन के बाद ही निर्वाचन आयोग बिहार में चुनाव की घोषणा करेगा। आयोग की टीम इसी महीने राज्य का दौरा कर चुनावी तैयारियों का जायजा लेगी।

### नागरिकता मामला सोनिया के खिलाफ शिकायत हुई दर्ज



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ एक आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह मामला भारतीय नागरिकता और वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने से जुड़ा है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक यह शिकायत एक शख्स विकास त्रिपाठी ने राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) वैभव चौरसिया के समक्ष लगाई है।

# हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में पेड़ों की अवैध कटाई से आईं आपदाएं'

### 'नाराज सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार सहित आधा दर्जन राज्यों को दिया नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब में बाढ़ और बारिश से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने बारिश और बाढ़ पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि पहाड़ियों में पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है। हिमाचल प्रदेश में बाढ़ के पानी में पहाड़ियों से बहकर आई बड़ी संख्या में लकड़ियों के लट्ठों के वीडियो का हवाला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न राज्यों में अभूतपूर्व भूस्खलन और बाढ़ पर संज्ञान लिया। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनडीएमए और अन्य को नोटिस जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में पेड़ों की अवैध कटाई के कारण आपदाएं आई हैं।

#### इन राज्य सरकारों को भी नोटिस

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू और कश्मीर और पंजाब की सरकारों को भी नोटिस जारी किए। पीठ ने अनामिका राणा की ओर से दायर याचिका को दो सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

# चीफ व्हिप, भाजपा अध्यक्ष को मार्शलों ने घसीटा, ममता ने सदन में कहा 'मोदी चोर'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा के विशेष सत्र में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाली प्रवासियों पर हो रहे कथित अत्याचार के लिए बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। इस पर भाजपा विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। वह नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी के निलंबन का भी विरोध कर रहे थे। भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए वेल पर पहुंच गए। स्पीकर बिमान बनर्जी ने सदन में अव्यवस्था फैलाने के आरोप में बीजेपी के चीफ व्हिप शंकर घोष को निलंबित कर दिया। इतना ही नहीं, मार्शलों से उठवाकर उन्हें जबरदस्ती बाहर कर दिया गया। इस दौरान घोष बेहोश हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

बंगाल विधानसभा में जबरदस्त हंगामा, भाजपा के 5 विधायक सस्पेंड



#### 'मोदी चोर वोट चोर' का नारा

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए 'मोदी चोर-वोट चोर' के नारे लगाए। उन्होंने कहा, बीजेपी बंगाल विरोधी पार्टी है। वह राज्य को उपनिवेश बनाना चाहती है। ममता ने केंद्र सरकार पर विदेशी ताकतों के सामने झुकने का आरोप भी लगाया।

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989,9300000702

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
Lab Care DIAGNOSTICS COMPLETE PATHOLOGY SOLUTION
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स
Mo.: 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवायें उपलब्ध है।
50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच*
पता: सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दास स्वीट्स के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें -
9303508130, 9302016344, 7909631282

### पीएम मोदी और लॉरेंस वांग ने किया भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल फेज-2 का वर्चुअल उद्घाटन

# मजबूत होगी भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी, रोडमैप तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौती के बीच सिंगापुर से भारत के लिए अच्छी खबर है। वहां से देश में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। दोनों देशों के बीच पांच समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान भी किया गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग के साथ हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक के बाद दिए संयुक्त वक्तव्य में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं और व्यापक रणनीतिक साझेदारी में तब्दील हुए द्विपक्षीय संबंधों को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया है। जिससे सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। बल्कि इसमें बदलते हुए वक्त के हिसाब से प्राथमिकता वाले 8 क्षेत्रों को भी जगह दी गई है।



### *ट्रंप को कूटनीति का शिष्टाचार सिखा गए पुतिन*

# 'भारत-चीन से आप ऐसे बात नहीं कर सकते'



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दो टूक कहा है कि आप भारत चीन से इस तरह बात नहीं कर सकते हैं। ट्रंप को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की रवायत और डिप्लोमेसी के शिष्टाचार सिखाते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रंप भारत और चीन पर टैरिफ और प्रतिबंधों के जरिए दबाव बनाने की कोशिश न करें। उन्होंने कहा, 'आप भारत या चीन से इस तरह बात नहीं कर सकते।' शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन और चीन में सैन्य परेड में भाग लेने के बाद पुतिन ने देर तक मीडिया के सवालों का तसल्ली से जवाब दिया।

### *खेड़ा का गडकरी पर बड़ा हमला*

# 'पिता पॉलिसी बनाते हैं बेटे उससे पैसा कमाते हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर बड़ा हमला किया है। कांग्रेस ने कहा कि गडकरी के बेटों की इथेनॉल उत्पादक कंपनियों ने तेजी से पैसा कमाया है। खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि निखिल गडकरी और सारंग गडकरी नितिन गडकरी के बेटे हैं। नितिन गडकरी के दोनों बेटों की कंपनियां- सियान एग्रो इंडस्ट्रीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, मानास एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड एथेनॉल प्रोड्यूस करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार में बैठे पिता पॉलिसी बना रहे हैं और बेटे पैसा बना रहे हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी में काम करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारे, **पता- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं-4, रायपुर₹ 7828901615.**(RO-253)

### ऑफिस बॉय

**आवश्यकता है-** टीशर्ट होलसेलर को लड़के/लड़की की आवश्यकता है आकर्षक वेतन, PARC 16-17, **सुराना मार्केट, सिटी सेंटर मॉल के पीछे, होटल सुखसागर के सामने पंडरी, रायपुर** (RO-0048)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क रायपुर 8349712577, 9981390074.**(RO-252)

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 91311-39179.**(RO-256)

**आवश्यकता है-** सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में कार्य करने लड़को की आवश्यकता है। **संपर्क :- जय श्री इंटरप्राइजेज नेहरू भवन के सामने सुपेला भिलाई मो.- 98271-06108, 96302-95106.** (आरो न.- 669)

छोटा विज्ञापन

**आवश्यकता है-** बर्जर पेंट दुकान में कार्य हेतु लड़कों ( कम से कम बारहवीं) की,वेतन 10 से 12,000, अनुभवी एवं आसपास रहने वालों को प्राथमिकता । **अमृत सेल्स , स्टेशन रोड ,रायपुर । मोबाइल 9827174205.**(RO-252)

### गोडाऊन वर्क

**आवश्यकता है-** FMCG (किराना सामान ) सप्लाई एवं गोडाउन में काम करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है **पता- भनपुरी दुर्गा पेट्रोल पंप के पीछे सम्पर्क करें +918817288768, +917000350859.** (RO-A)

### प्रूफ रीडर/ऑपरेटर

**Required- (1)** Proofreader: For Hindi & English medium Book. Candidate should be PG in Bioscience. (2) Data Entry Operator: Sci-ence Graduate, Experience in Coreldraw, PageMaker, Photoshop, MS Office. Contact: 11:00 to 1:00, Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony, Near Bhimsen Bhawan, Raipur Phone: 0771-4200932 hr@navbodh.com (RO-866)

### टीचर/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** साई शिक्षा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में नर्सरी से 8वी तक इंग्लिश टीचर , वैन ड्रायवर और आया कि आवश्यकता है। **हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर 9406250678.** (RO-410)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आस पास घरेलू कार चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन -15000, 11 घंटे ड्यूटी, सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक सम्पर्क करे **मोबाईल नं.- 97541 60228.**(RO-7220)

### डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** किराना व्यवसाय (एजेंसी) में सामान डिलीवरी के लिए अनुभवी युवको की आवश्यकता हैं। आकर्षक वेतन। **ऑफिसः- कृष्णा टॉकीज के पास, समता कॉलोनी, रायपुर फोन 9425205800.**(RO-6795)

### सेल्स ऑफिसर

**आवश्यकता है-** मैन्युफैक्चरिंग सीमेंट कम्पनी में सेल्स की ऑफिसर – 05 पद रिक्त (सीमेंट अनुभवी उम्मीदवारों को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार) **इंटरव्यू: 08-09-2025, दोपहर 12 बजे से संपर्क: 9893440600, 6232926014.** (आरो न.- 668)

### टेलीकालिंग/फील्डकार्य

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट फिल्ड दुर्ग भिलाई में कार्य करने हेतु टेली कॉलिंग व फील्ड विजिट हेतु उर्जावान युवक / युवतियों की। **सम्पर्क.:- 90096-00095, 90096-11195** (आरो -665)

### ऑपरेटर/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, बैटरी ऑटो ड्राइवर की आवश्यकता है **सम्पर्क करें- श्री ट्रेडर्स श्री श्रीकृपा दुकान नम्बर 236, 37 औषधि वाटिका मेडिकल काम्पलेक्स डूमर तराई रायपुर, 9425219248, 8085751331.**(RO-38604)

छोटा विज्ञापन

### इंचार्ज

**आवश्यकता है-** श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड कंपनी के पेंट के वेयर हाउस में काम करने के लिए इंचार्ज की आवश्यकता है। अनुभवी व नजदीक रहने वालों को प्राथमिकता। कर्मचारी हेतु रूम की सुविधा उपलब्ध। इंटरव्यू के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक, दिए पते पर पधारें, **पता– वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड नं–4, रायपुर₹ 9201835614.**(RO-254)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** सेल्समैन चाहिए हमें अपने तेल और अगरबत्ती उत्पादों की सेल्स मार्केटिंग हेतु मेहनती, अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है जिन्हें एफएमसीजी में 2वर्ष का एक्सपीरियंस होना चाहिए । हमारे साथ जुड़कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते है। संपर्क करेः- Email - granthagarbatti581@gmail.com **मो.- 77730-90555, 88396-00176.** (आरो न.- 670)

### हाउस कीपिंग/स्वीपर

**आवश्यकता है-** श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड को स्वीपर, हाउस कीपिंग बाई व ऑफिस बॉय की आवश्यकता है। अनुभवी व पास में रहने वालों को प्राथमिकता। इंटरव्यू सुबह 10 से 12 बजे तकः **वासु लॉजिस्टिक, तेंदुआ, रिंग रोड नं–4, रायपुर संपर्क:- 782890161, 9201835608.** (RO-257)

### सेल्स गर्ल्स

**आवश्यकता है-** सेल्स गर्ल्स,लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क करें ओम ज्वैलर्स इंदिरा मार्केट शॉप नंबर 64 भी प्रिया सिंगर सदन के सामने दूर्ग ।** (आरो न.-7198)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। जो म. प्र. उज्जैन में रह कर कम कर सके, योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास। सैलरी 10,000 + कमिशन, बोनस+ रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15 से 20,000 Co- **9630773028, 9993044523.**(RO-411)

**आवश्यकता है-** टैली कॉलिंग कंपनी में ऑफिस कार्य के लिए केवल लड़के की आवश्यकता है। 10वीं एवं 12वीं फेल भी चलेगें। कमाये 10 से 20 हजार। रहना, खाना फ्री। **मो-74991-40687.** (आरो न.-667)

**शीघ्र आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें- मो :- 7611101133** (RO-412)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन + बोनस + प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना **8770508791, 7225815090** (RO-375)

**शीघ्र आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-30 वर्ष, 10th 12th , ग्रेजुएट लड़के चाहिए। वेतन 10000 + कमीशन बोनस के साथ कमाए 15000 से 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें- मो :- 7611101133** (RO-412)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** भिलाई नेहरूनगर बुनियादी कॉम्प्लेक्स स्थित सुनील गुपचुप, चाट सेंटर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क करें:- मो.- 7000354963.** (आरो न.-662)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम के लिए लड़के लडकी की आवश्यकता है. **रायपुरा चौंक. 8839105162.** (RO-398)

### अन्य

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के-लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या- 790 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (27500+ 56500 ) पढ़ाई (8-वी से स्नातक) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने हेतु आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे **(सचिन शर्मा)- 7054311719.**(RO-1136)

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो **संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457.**(RO-1137)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7295935703.** (RO-1144)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**बेचना है –** रायपुर शहर में, प्राइम लोकेशन पर, सर्वसुविधायुक्त, 3BHK फ्लैट बेचना है। वास्तु निर्मित, मॉड्यूलर किचन, कार पार्किंग, 24 घंटे पानी, 3 वॉशरूम, इंटीरियर डेकोरेशन, बच्चों और सीनियर सिटीजन के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक, **अशोका रतन सोसायटी, VIP-ESTATE, शंकर नगर- विधानसभा रोड,** Owner: **9826188132.**(RO-250)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस –** जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 15 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए, **संपर्क:- 9289384524.** (RO-258)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

हरिभूमि क्लासीफाईड एजेंसी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें...

| एजेंसी | पता | संपर्क नं. |
| --- | --- | --- |
| अतुल पब्लिसिटी | सदर बाजार | 94062-00210 |
| ओम विज्ञापन एजेंसी | न्यू राजेन्द्र नगर | 93036-90016 |
| मितनिशा एड | रियो कॉम्पलेक्स देवपुरी | 93298-46567 |
| नाईस पब्लिसिटी | शारदा चौक | 93002-19536 |
| महेश्वरी पब्लिसिटी | देवेन्द्र नगर | 0771-2234113 |
| प्रेमप्रकाश मध्यानी | श्याम नगर/कटोरा तालाब | 93294-07988 |
| माँ एड एजेंसी | पी.एस. सिटी | 93005-12211 |
| राजेश पब्लिसिटी | समता कालोनी | 99263-08899 |
| विजय घोष | पुरानी बस्ती | 98261-16051 |
| आदित्य एड एजेंसी | टिकरापारा | 93010-51757 |
| देव एड एजेंसी | जयस्तंभ चौक | 98268-77609 |
| खन्ना एड एजेंसी | स्टेशन रोड | 93001-60001 |
| छत्तीसगढ़ डेल्टा | सुन्दर नगर | 92294-96081 |
| सुमीत एड एजेंसी | शहीद स्मारक | 98261-61116 |
| शिवम एड एजेंसी | बुढ़ातालाब | 93291-00263 |
| ए.के. एड एजेंसी | तात्यापारा चौक | 98261-45558 |
| किशोर पब्लिसिटी | छोटापारा | 98271-62038 |
| एम्बेसी कार्पोरेट | देवेन्द्र नगर | 98267-06506 |
| शांति विजय एड | पचपेढ़ी नाका | 93001-61001 |
| ए.एस.ए. एड एजेंसी | गुरूनानक चौक | 98271-62101 |
| प्रयास एड एजेंसी | श्याम प्लाजा | 94062-36209 |

हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, पुजारी पार्क के सामने रायपुर
फोन- 0771-4242242, 90981-38778

हरियाणा सरकार

"अमृतकाल में विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारे जो सपने हैं, जो आकांक्षाएं हैं, उन्हें साकार करने में भारत की श्रम शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इसी सोच के साथ देश संगठित और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों श्रमिक साथियों के लिए निरंतर काम कर रहा है।"
- नरेन्द्र मोदी



## हरियाणा राज्य की औद्योगिक, दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए विशेष लाभ



## हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं



**हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को भी मिलेगा श्रम कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ**

### बोर्ड द्वारा श्रमिकों हेतु कल्याणकारी योजनाएं

1. श्रमिकों के बच्चों के लिए स्कूल की वर्दी, किताबें व कापियां आदि खरीदने हेतु वित्तीय सहायता- ₹3,000 से ₹4,000 तक
2. श्रमिकों के बच्चों की खेलों के प्रति प्रतिभा को विकसित करने हेतु योजना - ₹2,000 से ₹31,000 तक
3. श्रमिकों के बच्चों की सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभा विकसित करने हेतु योजना- ₹2,000 से ₹31,000 तक
4. व्यावसायिक कोर्स हेतु कोचिंग योजना- ₹20,000 से ₹1,00,000 तक
5. छात्रवृत्ति योजना - ₹10,000 से ₹21,000 तक
6. कन्यादान योजना - ₹51,000
7. शगुन योजना - ₹21,000
8. प्रसूति योजना - ₹12,000 (लड़का होने पर) तथा ₹15,000 (लड़की होने पर)
9. साइकिल योजना - ₹5,000
10. चश्मा योजना - ₹1,500



11. सिलाई मशीन योजना - ₹4,500
12. एल.टी.सी. योजना - ₹1,500
13. श्रमिकों की किसी भी कारण से अपंगता होने पर वित्तीय सहायता- ₹1,00,000 से ₹3,00,000 तक
14. डेंटल केयर/डेंचर लगवाने हेतु योजना- ₹4,000 से ₹10,000 तक
15. तिपहिया साइकिल (TriCycle) योजना - ₹7,000 तक
16. शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए वित्तीय सहायता- ₹20,000 से ₹30,000 प्रतिवर्ष
17. श्रवण मशीन/Hearing Aids योजना - ₹10,000
18. कृत्रिम अंग लगाने हेतु योजना - साकेत अस्पताल, पंचकूला द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार
19. श्रमिकों की विधवाओं व आश्रितों को आर्थिक मदद - ₹3,00,000
20. दाह-संस्कार योजना - ₹15,000
21. मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना - ₹5,00,000

**अगर आप औद्योगिक व वाणिज्यिक क्षेत्र या हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कॉन्ट्रैक्ट / स्थायी कर्मचारी हैं तो जल्द ही अपना पंजीकरण करवाकर पाएं योजना का लाभ**

**पंजीकरण कैसे करें?**

- अपने नियोक्ता से संपर्क करें
- https://hrylabour.gov.in / https://saralharyana.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करें

अधिक जानकारी के लिए
टोल फ्री नं.
1800-180-2129

श्रम विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# जीएसटी सुधार से देश के विकास को मिलेगी गति

बुधवार को जीएसटी काउंसिल ने वो फैसला ले ही लिया, जिसका 15 अगस्त के बाद से देश को बेसब्री से इंजतार था। स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार का ऐलान करते हुए आम देशवासी को राहत देने का वादा किया था। जीएसटी काउंसिल ने इस पर अमल करते हुए वस्तु कर के दो स्लैब 12 और 28 प्रतिशत को खत्म कर दिया। इनकम टैक्स में राहत के बाद यह केंद्र सरकार का आम आदमी को दूसरा बड़ा तोहफा है। इससे किसान और छोटे उद्यमियों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं न केवल सस्ती होंगी बल्कि उनकी खपत भी बढ़ेगी, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। अब जीएसटी की सिर्फ दो दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी। वैसे तो जीएसटी में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब इसकी पृष्ठभूमि में एक ओर वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल को माना जा रहा है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो साफ है कि आज की आर्थिक दुनिया में किसी भी देश की मजबूती का पहला आधार उसकी घरेलू मांग और खपत होनी चाहिए। कअमेरिका जैसा विकसित देश भी टैरिफ को हथियार बनाकर अपने हित में ट्रेड डील की कोशिश कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अमेरिका के समक्ष झुकने की बजाए इसके विकल्प को अपनाने का रास्ता चुना है। अमेरिका से समझौता हमारे छोटे किसानों, पशुपालकों और छोटे व्यापारियों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे में देश के सामने टैरिफ को लेकर उपजी चुनौतियों का समाधान यही है कि हम घरेलू स्तर पर खपत, मांग और निवेश को बढ़ाकर विकास को गति दें। इससे न केवल हमारी विकास वृद्धि दर बरकरार रहेगी, बल्कि बढ़ती मांग से निवेश और रोजगार का चक्र भी जारी रहेगा। यह स्थिरता हमें दुनिया में वैकल्पिक बाजारों की ओर बढ़ने का भी अवसर देगी। इसलिए जीएसटी सुधारों को केवल बदलाव नहीं, बल्कि नई अर्थव्यवस्था के निर्माण के रूप में देखना चाहिए। वैसे भी जीएसटी केंद्र और राज्य सरकारों के लिए दुधारू गाय सबित हुआ है। एक जुलाई 2017 को लागू होने के बाद से हर साल इससे सरकार की आय में इजाफा हुआ है। इस साल 2025 में तो जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। शुरुआती साल में इसके जरिए सरकारी खजाने में 7.41 लाख करोड़ रुपये आए थे, वहीं अगले साल 2018–19 में जीएसटी से कमाई का आंकड़ा 11.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। अब तक कलेक्शन में तीन गुना से ज्यादा का इजाफा दर्ज किया जा चुका है। 2021-22 से लेकर 2024-25 तक सिर्फ पांच साल में ही जीएसटी से सरकार की कमाई दोगुनी हो गई और ये 11.37 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22.08 लाख लाख करोड़ रुपये पहुंच गई, लेकिन अब बात अमेरिकी टैरिफ से निपटने और देश के विकास को नई रफ्तार देने की है। विकास दो चीजों पर निर्भर करता है। पहली, लोगों की आय लगातार बढ़े और दूसरी महंगाई नियंत्रण में रहे। आय तभी बढ़ेगी जब देश में निवेश और उत्पादन को गति मिले और रोजगार के नए अवसर बनें। वहीं महंगाई पर काबू पाने के लिए अप्रत्यक्ष करों में कटौती सबसे प्रभावी उपायों में से मानी जाती है। इसी आर्थिक सोच के तहत सरकार ने इस साल डिरेगुलेशन की दिशा में दो बड़े सुधार किए हैं जिसका असर अगले कुछ दिनों में दिखाई देगा। विदेशी कंपनियां निवेश की ओर आकर्षित होंगी और भारतीय कंपनिया और स्टार्टअप्स अनुपालन के बोझ से मुक्त होकर नवाचार में छलांग लगाएंगे। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि मेक इन इंडिया को भी बल मिलेगा।



आपदा
विवेक शुक्ला

# बाढ़ से बेहाल सरहद के आर-पार के पंजाब

आजकल सरहद के आर–पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

अमृता प्रीतम ने देश के बंटवारे के कारण पंजाब में हुए कत्लेआम पर एक कालजयी रचना लिखी थी- 'अज्ज आखाँ वारिस शाह नूं, कितों कबरां विच्चों बोल...'। ये नज़्म 1947 में हुए बंटवारे की प्रतिनिधि रचना मानी जाती है। इसमें बंटवारे के दर्द को बेहद मार्मिक तरीके से व्यक्त किया गया है। आजकल सरहद के आर-पार का पंजाब फिर से शोकाकुल है। दोनो पंजाब बाढ़ के कारण हुई अपनी बर्बादी पर रो रहे हैं। भयानक बाढ़ ने लाखों लोगों को तबाह कर दिया है। इस कष्ट और बेबसी ने मुल्कों और सरहदों की दूरियां मिटा दी हैं। दरअसल दोनों पंजाब अभूतपूर्व प्राकृतिक आपदा का सामना कर रहे हैं। भारी मानसूनी बारिश, नदियों का उफान, और बांधों से पानी का अनियंत्रित रिसाव ने दोनों देशों के पंजाब प्रांतों में भयावह बाढ़ ला दी है।

सोशल मीडिया पर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की तस्वीरों को देखकर दिल दहल जाता है। सब तरफ पानी ही पानी दिखाई देता है। पंजाब क्षेत्र में इस साल मानसून असामान्य रूप से तीव्र रहा है। भारत और पाकिस्तान दोनों में मौसम विभागों के अनुसार, 1 जुलाई से 27 अगस्त 2025 के बीच पंजाब में पिछले साल की तुलना में 26.5% अधिक बारिश दर्ज की गई। यह अत्यधिक वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून का परिणाम है, जो दोनों देशों में भारी बारिश का प्रमुख स्त्रोत है। जलवायु परिवर्तन ने इस मानसून को और उग्र बना दिया है, क्योंकि गर्म हवा अधिक नमी को समाहित करती है, जिसके परिणामस्वरूप भारी और अनियंत्रित बारिश होती है। पंजाब की प्रमुख नदियां-रावी, सतलज, ब्यास, और चिनाब—इस साल असामान्य रूप से उफान पर हैं। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश ने इन नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ा दिया है, जिसके कारण भारत के पंजाब में गुरदासपुर, अमृतसर, और फिरोजपुर जैसे जिलों में बाढ़ आई। पाकिस्तान में भी, इन नदियों का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसने लाहौर, कसूर, और बहावलनगर जैसे क्षेत्रों को जलमग्न कर दिया। लाहौर के पॉश इलाकों में रावी का पानी घुसने से हजारों घर प्रभावित हुए हैं।

हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना भी इस बाढ़ का एक प्रमुख कारण है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, देश के 7,500 ग्लेशियरों में से लगभग 45% तेजी से पिघल रहे हैं। यह पिघलता पानी रावी, सतलुज, और चिनाब जैसी नदियों में प्रवेश करता है, जिससे उनका जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है। पाकिस्तान के जाने-माने पत्रकार हमजा हबीब कहते हैं कि उनके देश के पंजाब में खराब जल निकासी प्रणाली ने बाढ़ के प्रभाव को और बढ़ा दिया। उदाहरण के लिए, वाघा बॉर्डर पर जलभराव की स्थिति भारत की तुलना में अधिक गंभीर थी, क्योंकि भारत ने बेहतर रेन वाटर हार्वेस्टिंग और ड्रेनेज सिस्टम लागू किया है। इसके विपरीत, पाकिस्तान में अपर्याप्त ड्रेनेज ने पानी को जमा होने दिया, जिससे सड़कें, घर, और खेत जलमग्न हो गए।

भारत में भी, कुछ क्षेत्रों में पुराने बुनियादी ढांचे और अतिक्रमण ने जल निकासी को बाधित किया, जिससे



बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। सब जानते हैं कि पंजाब दोनों देशों का 'अन्न भंडार' है। इस बाढ़ ने इसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारत में 61 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि डूब गई, जबकि पाकिस्तान में हजारों एकड़ फसलें नष्ट हो गईं। यह न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि लाखों किसानों की आजीविका को भी नष्ट कर रहा है। 2022 की बाढ़ की तरह, इस बार भी पाकिस्तान में खाद्य संकट की आशंका बढ़ गई है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और यह बाढ़ उसकी चुनौतियों को और बढ़ा रही है। हजारों घर, सड़कें, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचा नष्ट हो गया है। पाकिस्तान में इससे पहले 2022 में भी भयानक बाढ़ से हाहाकार मच गया था। तब भी पड़ोसी मुल्क का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया था।

हजारों लोगों की जानें गई थीं। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए थे। स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि पाकिस्तान ने भारत से आलू, टमाटर,प्याज और खाद्य तेलों का आयात करने की इच्छा जताई थी। पाकिस्तान के तत्कालीन वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने कहा था कि सरकार बाढ़ के बाद देश भर में फसल बर्बाद होने के बाद लोगों की सुविधा के लिए भारत से सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ आयात करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। तब पाकिस्तान में बाढ़ के कारण हुई तबाही पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर संवेदना जताई थी। उन्होंने कहा था, "पाकिस्तान में बाढ़ से हुई तबाही को देखकर दुख हुआ। हम पीड़ितों, घायलों और इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित सभी लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली की आशा करते हैं।" पर भारत-पाकिस्तान के रिश्ते पहलगाम की घटना के कारण बहुत खराब हो चुके हैं। इस बीच, भारत में भी, पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं, और लोग राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। सामाजिक तनाव भी बढ़ रहा है, क्योंकि प्रभावित लोग सरकार से मुआवजे और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। इस बाढ़ ने दोनों देशों में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। पाकिस्तान के पंजाब में लगभग 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जबकि भारत में 1,000 से अधिक गांव जलमग्न हो गए हैं। लोग अपने घर, खेत, और आजीविका खो चुके हैं। सिखों का पवित्र धार्मिक स्थान करतारपुर कॉरिडोर भी पानी से लबालब है। भारत ने भारी मानसूनी बारिश के कारण अपने डैमों से पानी छोड़ने की सूचना पाकिस्तान को बीते महीने दे दी थी। यह सामान्य प्रक्रिया है, क्योंकि डैम भर जाने पर अतिरिक्त पानी नदियों में बहता है, जो पाकिस्तान की ओर जाता है। भारत ने मानवीय आधार पर 24-26 अगस्त को कई चेतावनियां जारी कीं, भले ही सिंधु जल संधि अप्रैल 2025 में निलंबित हो गई थी। पर पाकिस्तान के कुछ यू ट्यूबर्स आरोप लगा रहे हैं कि भारत के इस कदम से न केवल पाकिस्तान बल्कि भारत में भी बाढ़ आई। उनका दावा है कि भारत ने डैमों को पाकिस्तान के पानी से भरकर अचानक फाटक खोले, जिससे पाकिस्तानी पंजाब में विनाशकारी बाढ़ आई। हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इन आरोपों को नकार दिया है। बेशक, जलवायु परिवर्तन इस बाढ़ का एक दीर्घकालिक कारण है। इस तरफ दोनों देशों को पर्याप्त ध्यान देना होगा। पाकिस्तान को विशेष रूप से अपनी प्राथमिकताओं को बदलना होगा। उसे अपने डिफेंस बजट को कम करके जनता के हितों में फैसले लेने होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail..com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'



# हर प्रश्न में छिपा हुआ है शिक्षक, हर उत्तर में सीख

शिक्षक दिवस, जिसे भारत में हर साल 5 सितंबर को उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाता है, केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान, प्रेरणा और जीवन मूल्यों का एक जीवंत महोत्सव है। यह दिन हमें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जैसे महान शिक्षाविद् की याद दिलाता है, जिन्होंने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे शक्तिशाली माध्यम माना। आज यह दिन न केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित है, बल्कि यह हमें हर उस व्यक्ति को सम्मानित करने का अवसर देता है जो हमारे जीवन को नए अर्थ, दिशा और संभावनाओं से समृद्ध करता है। परंपरागत रूप से, शिक्षक वह गुरु था जो ज्ञान का दीप जलाता था, और शिष्य उसकी रोशनी में जीवन पथ पर आगे बढ़ता था। लेकिन आधुनिक युग में शिक्षक की परिभाषा और अधिक व्यापक हो गई है। आज शिक्षक वह नहीं जो केवल किताबी ज्ञान दे, बल्कि वह है जो हमें जीवन की जटिलताओं को समझने, चुनौतियों का सामना करने और मूल्यों को अपनाने की कला सिखाता है। यह माता-पिता हो सकते हैं जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, दोस्त जो कठिन समय में हौसला देते हैं, या कोई अनजान व्यक्ति जिसकी सलाह हमारे जीवन को नया मोड़ देती है। शिक्षक दिवस को नए दृष्टिकोण से देखना यही है कि हम इसे केवल एक व्यक्ति या पेशे तक सीमित न करें। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षक समाज का हर वह व्यक्ति है जो हमें कुछ सिखाता है। एक बच्चा अपनी मासूम जिज्ञासा से नया दृष्टिकोण देता है, एक सहकर्मी सहयोग और नेतृत्व की कला सिखाता है, और हमारी असफलताएं भी हमें धैर्य व दृढ़ता का पाठ पढ़ाती हैं। इस तरह शिक्षक दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि उस निरंतर सीखने की प्रक्रिया का सम्मान है जो हमें हर पल बेहतर बनाती है। यह हमें यह अहसास कराता है कि ज्ञान का कोई एक स्त्रोत नहीं, यह जीवन के हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरा हुआ है। शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान बांटने तक सीमित नहीं, बल्कि वह एक मूर्तिकार है जो संवेदनशीलता, मानवीयता और नैतिकता को आकार देता है। आज के युग में, जब तकनीकी प्रगति दुनिया को तेजी से बदल रही है, शिक्षक हमें यह सिखाता है कि असली प्रगति मशीनों या व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और सामूहिक कल्याण में निहित है। वह हमें यह समझाता है कि सफलता का अर्थ केवल अपनी जीत नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने का साझा प्रयास है। एक शिक्षक का प्रभाव उसके शब्दों से कहीं अधिक उसके चरित्र, सोच और जीवनशैली में झलकता है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसका जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, सादगी और समर्पण से लाखों लोगों को प्रेरित किया। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देने का मतलब है इसे केवल अतीत के सम्मान तक सीमित न रखकर भविष्य की नींव बनाने का उत्सव बनाना। शिक्षक का दायित्व महज पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की अनिश्चितताओं और चुनौतियों के लिए तैयार करना है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, जहां परिवर्तन ही एकमात्र स्थायी सत्य है, शिक्षक वह आधार प्रदान करता है जो हमें हर बदलाव के साथ सामंजस्य बैठाने की शक्ति देता है। वह हमें यह विश्वास दिलाता है कि हर कठिनाई में अवसर छिपा है और हर सवाल में एक नया जवाब। शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है, जो हमें प्रेरित करता है कि हम अपने कार्यों, व्यवहार और जीवनशैली से दूसरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनें। चाहे वह कक्षा में बच्चों को पढ़ाने वाला शिक्षक हो, नैतिकता का पाठ सिखाने वाले माता-पिता हों, या समाज में बदलाव लाने वाला कार्यकर्ता हो, हर व्यक्ति अपने स्तर पर शिक्षक की भूमिका निभाता है। शिक्षक दिवस को व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो यह केवल एक दिन या व्यक्ति का उत्सव नहीं, बल्कि वह अनंत श्रृंखला है जो पीढ़ियों को जोड़ती है। शिक्षक दिवस को नए अर्थ देना यही है कि इसे औपचारिकता से परे ले जाकर जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षा केवल कक्षा की चारदीवारी तक सीमित नहीं, बल्कि यह हर अनुभव, हर रिश्ते और हर क्षण में बिखरी हुई है। शिक्षक दिवस का असली उत्सव तब है जब हम अपनी जिज्ञासा को जीवित रखते हैं, दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं, और हर अनुभव से सीख लेते हैं। यह दिन केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि उस अनंत यात्रा का उत्सव है जिसमें हम सभी सहयात्री हैं, कभी शिक्षक, कभी शिष्य, और हमेशा एक सीखने वाले। यही शिक्षक दिवस का सच्चा अर्थ है, जो इसे आज के युग में सही मायनों में जीवंत और प्रासंगिक बनाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।


# नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि–त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे। *– दिलीप तिवारी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### सिंगापुर मूल्यवान साझेदार



विकसित भारत के निर्माण की हमारी यात्रा में सिंगापुर एक मूल्यवान साझेदार है। हम उन्नत विनिर्माण, कौशल विकास और डिजिटल ढांचों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप के त्वरित कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सबका मंगल एवं कल्याण हो



सृष्टि पालक भगवान विष्णु के पंचम अवतार भगवान वामन की जयंती पर समस्त देश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रभु की कृपा आप सभी पर बनी रहे, सबके जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और आनंद बढ़े, सबका मंगल एवं कल्याण हो।
**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### प्रगतिशील कदम



आवश्यक वस्तुओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कृषि के लिए संशोधित जीएसटी स्लैब समावेशी विकास की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। सिक्किम के लोगों की ओर से, मैं इस परिवर्तनकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देता हूं।
**- प्रेम सिंह तमांग, सीएम, सिक्किम**

### तकनीक की दुनिया



वैश्विक राजनीति में काफी अनिश्चितता है। लेकिन वैश्विक बाज़ारों ने सकारात्मकता दिखाई है। ऐसा इसलिए है क्योंकि तकनीक की दुनिया में अद्भुत प्रगति हो रही है जो समृद्धि की ओर ले जा रही है।
**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# एनआरआई अमित नासा का सह-प्रशासक नियुक्त



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यहां घोषणा की कि भारतीय–अमेरिकी अमित क्षत्रिय को नासा का 'अन्वेषण–केंद्रित' नया सह–प्रशासक नियुक्त किया गया है। नासा में 20 साल सेवा दे चुके क्षत्रिय हाल ही में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के अन्वेषण प्रणाली विकास मिशन निदेशालय (ईएसडीएमडी) में चंद्रमा और मंगल से जुड़े अभियान कार्यक्रमों के उप–प्रभारी थे। नासा के एक बयान में कहा कि कार्यवाहक नासा प्रशासक सीन पी डफी ने बुधवार को अमित क्षत्रिय को नासा का अन्वेषण केंद्रित नया सह–प्रशासक नियुक्त किया। विस्कॉन्सिन में भारतीय प्रवासी माता–पिता के घर जन्मे एवं कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा ऑस्टिन स्थित टेक्सास विवि से शिक्षा प्राप्त क्षत्रिय इतिहास में मिशन नियंत्रण उड़ान निदेशक के रूप में सेवा करने वाले लगभग 100 लोगों में से एक हैं। नासा की वेबसाइट पर उनके प्रोफाइल के अनुसार, वह 2003 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े थे। क्षत्रिय को अंतरिक्ष स्टेशन के 50वें अभियान के वास्ते प्रमुख उड़ान निदेशक के रूप में उनके कार्यों के लिए नासा उत्कृष्ट नेतृत्व पदक से सम्मानित किया गया था। नासा ने कहा कि अपनी नयी भूमिका में वह एजेंसी में सर्वोच्च रैंक वाले सिविल सेवक के रूप में तथा डफी के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

## ऑफ बीट

# सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं



वजन–समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमें वजन घटाने की आवश्यकता नहीं है। इसमें कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल हैं। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियों को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति वजन–समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरों से – जिनमें उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल हैं – भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते हैं विभिन्न आकारों के 40% से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है। अमेरिका में लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते हैं, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियों ने 2021 में वजन घटाने के उत्पादों और कार्यक्रमों पर लगभग 72 .6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए।

# अजेयः द अनटोल्ड... का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर एक फिल्म बनाई जा रही है 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी। इस आगामी फिल्म का मेकर्स ने गुरुवार को ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में गोरखपुर के संघर्षों और सीएम योगी के विद्यार्थी जीवन की कहानी दिखाई दे रही है। 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो 2 मिनट 20 सेकंड का है। इस ट्रेलर की शुरुआत में बताया जाता है कि पूर्वांचल के दिग्गज नेता अवधेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई है, जिस कारण गोरखपुर में कर्फ्यू की घोषणा कर दी गई है। इसके बाद दिखाया जाता है कि अजय आनंद विद्यार्थी के रूप में कॉलेज में दाखिला लेते हैं और वहां की राजनीति में शरीक हो जाते हैं। इसके बाद वो सबके हित में आवाज उठाते हैं। और सभी विद्यार्थी की पसंद बन जाते हैं। बाद में वो देशहित में के लिए घर छोड़कर योगी बनने का फैसला करते हैं। 'अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' फिल्म 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## सेंसर बोर्ड के 23 कट्स से 6 मिनट छोटी हुई बागी-4

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'बागी' की चौथी फिल्म इस हफ्ते पर्दे पर उतरने को तैयार है। टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की 'बागी 4' शुक्रवार यानी 5 सितंबर को रिलीज हो रही है, लेकिन रिलीज से पहले ही सेंसर बोर्ड की ओर से 23 कट्स लगाए गए हैं। इसमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले सीन, आपत्तिजनक डायलॉग और खून-खराबे वाले कई विजुअल शामिल हैं। इन कट्स के चलते फिल्म की लंबाई 2 घंटे 43 मिनट से घटकर 2 घंटे 37 मिनट रह गई है। फिल्म में ऐसे कई सीन थे जिन्हें पूरी तरह हटाना पड़ा। उदाहरण के तौर पर, टाइगर श्रॉफ का ताबूत पर खड़ा होना। ईसा मसीह की मूर्ति पर हमला और इंसान की खोपड़ी में तलवार घुसाने जैसे सीन शामिल हैं। इसके अलावा इंसानों का गला रेते जाने और हाथ काटे जाने वाले खून से लथपथ सीन्स भी सेंसर बोर्ड को मंजूर नहीं हुए।




## मुंबई कभी मुझे अपनापन नहीं दे पाया

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' 5 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसके अलावा मनोज बाजपेयी 27 साल बाद राम गोपाल वर्मा के साथ भी काम कर रहे हैं। अब अभिनेता ने इन दोनों फिल्मों, करियर और निजी जीवन पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि एक्टिंग से दूर जाने का ख्याल कभी नहीं आया। मुझे एक्टिंग से बेइंतहा मोहब्बत है। लेकिन, कई बार यह जरूर लगा कि बड़ा शहर मेरे बस का नहीं है। मुंबई कभी मुझे अपनापन नहीं दे पाया। मैं आज तक बड़े शहर का आदमी नहीं बन पाया, इसलिए कई बार मन हुआ कि सब छोड़कर चला जाऊं। शायद एक उम्र आने पर मैं सचमुच इस शहर को छोड़ दूं। इंस्पेक्टर जेंडे ऑफर होने पर कहा कि जब स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए मिली तो लगा कि यह कोई सीरियस गंभीर थ्रिलर फिल्म होगी। जैसे पुलिस वाले की परेशानियों भरी कहानियां होती हैं, लेकिन जब पढ़ना खत्म किया तो मजा आ गया। मैं खुद चौंका क्योंकि बार-बार हंसी आ रही थी। कहानी में कॉमेडी बिल्कुल जबरदस्ती ठूंसी हुई नहीं लगी। यह सब पढ़कर लगा कि इसमें एक्टिंग करते समय खुद से भी बहुत कुछ नया करने का मौका मिलेगा। मेरी जिंदगी कहीं न कहीं सेट से जुड़ जाती है।




हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

श्रीरामकिंकर हॉस्पिटल
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 सरोपी तालाब के सामने, बिलासपुर रोड, सिगमा
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम
नेक्स्ट - जेन जीएसटी :
02 कर स्लैब क्रान्ति
सरलीकृत अनुपालन और बढ़ी हुई वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता



"विकसित भारत बनाने के लिए ना हम रुकेंगे, ना हम झुकेंगे, हम परिश्रम की पराकाष्ठा करते रहेंगे और हम 2047 तक विकसित भारत बना कर रहेंगे।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

व्यवसायों को लाभ

दो दर संरचना
जीएसटी प्रणाली के अंतर्गत 99% से अधिक माल और सेवाएं अब या तो कर–मुक्त हैं या फिर निम्न कर श्रेणियों के अंतर्गत आती हैं :
- 5% जीएसटी श्रेणी
- 18% जीएसटी श्रेणी
यह वर्गीकरण को सरल बनाएगा एवं मुकदमों में उल्लेखनीय कमी लाएगा

पंजीकरण
निम्नलिखित आवेदकों के लिए 3 कार्य दिवसों के भीतर स्वचालित पंजीकरण :
- डेटा विश्लेषण के आधार पर सिस्टम द्वारा पहचान की गई
- जो यह निर्धारित करता है कि वह प्रति माह ₹2.5 लाख से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट पास नहीं करेगा और इस योजना का विकल्प चुनता है
इससे लगभग 96% नए आवेदकों को लाभ मिलेगा

रिफंड
सिस्टम आधारित जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से उचित अधिकारी द्वारा प्रोविजनल रिफंड की मंजूरी :
- शून्य रेटेड आपूर्ति के लिए
- इनवर्टेड शुल्क संरचना वाली आपूर्तियों के लिए
इससे नकदी प्रवाह की बाधाएं कम होंगी और भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा

अनुशंसित संशोधित दरों और अन्य माल एवं सेवा कर परिवर्तनों की पूरी सूची के लिए, कृपया स्कैन करें
CBC 15502/13/0007/2526
@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

लीक से हटकर / शिखर चंद जैन

बच्चो, अपने देश में सामान्य स्कूलों से हटकर कुछ ऐसे स्कूल हैं, जहां बच्चों को शिक्षा बहुत अलग ढंग से दी जाती है। इन स्कूलों में बच्चे सिर्फ किताबी शिक्षा नहीं पाते, वे प्रकृति से जुड़कर और अन्य माध्यमों से व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, रचनात्मक बनते हैं। साथ ही शिक्षा एक आनंद के साथ ग्रहण करते हैं। जानो, ऐसे ही कुछ अनोखे स्कूलों के बारे में।

# ये अनोखे स्कूल



## पढ़ने, वाद-विवाद के माध्यम से शिक्षण

### लेवलफील्ड स्कूल, पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हुस्नाबाद गांव में स्थित लेवलफील्ड स्कूल की स्थापना




भारतीय शिक्षा प्रणाली के पारंपरिक तरीकों से अलग कुछ अनोखे ढंग से छात्रों को शिक्षित करने के उद्देश्य से की गई है। यह स्कूल रटने या पाठ्य पुस्तक-आधारित शिक्षा पर ही केंद्रित रहने के बजाय पढ़ने, चर्चा करने, वाद-विवाद और मल्टीमीडिया तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देता है। चाहे अंग्रेजी हो, गणित हो या कोई और विषय, सीखने के लिए पहेलियों, एप्स और खेलों का उपयोग किया जाता है। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छोटी उम्र से ही एनिमल फार्म, गुलिवर्स ट्रैवल्स और मैकबेथ जैसी क्लासिक किताबें पढ़ते हैं, इन पर चर्चा करते हैं। उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित फिल्में भी दिखाई जाती हैं। इस स्कूल के संस्थापक अर्घ्य बनर्जी बताते हैं, 'इस तरह की एक्टिविटीज का उद्देश्य चीजों को जीवंत बनाना और उन्हें आकर्षक तरीके से प्रस्तुत करना है।' *

## नॉलेज के साथ एंज्वॉय कराती स्टडी

### द यलो ट्रेन स्कूल, तमिलनाडु

**तमिलनाडु में** कोयंबटूर के शांत और हरे-भरे क्षेत्र में स्थित द यलो ट्रेन स्कूल बच्चों को बहुत ही प्रेरणादायक और शांतिपूर्ण माहौल प्रदान करता है। स्कूल कैंपस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह बच्चों को रचनात्मकता और उनकी स्वतंत्रता के लिए प्रोत्साहित करता है। खेतों में घूमना, वन्यजीवों के बारे में सीखना, वाद्ययंत्र बजाना, गलियारों में टायर पर झूलना, मिट्टी के बर्तन बनाना जैसे कई इंटरेस्टिंग एक्टिविटीज में बच्चे शामिल होते हैं।

यहां के टीचर्स अपने स्टूडेंट्स से दोस्तों की तरह व्यवहार करते हैं। इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नॉलेज गेन करने के साथ-साथ खूब एंज्वॉय भी करते हैं। यहां पाठ्य पुस्तकों, कोर्स की तैयारी के साथ-साथ बच्चों के ओवरऑल पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर भी ध्यान दिया जाता है। *

## झील पर तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय

### लोकटक लेक स्कूल, मणिपुर

**अजीब-सी** बात लग सकती है, पानी में तैरता हुआ स्कूल! लेकिन यह सच है।



मणिपुर राज्य का लोकटक लेक स्कूल, ऐसा ही एक अनोखा स्कूल है, जो पानी पर तैरता है। यह भारत का पहला तैरता हुआ प्राथमिक विद्यालय है, जो लोकटक झील के ऊपर फुमदी (पानी में तैरते हुए वनस्पति के बड़े-बड़े टुकड़े) पर बना है। इस स्कूल को केवल दो शिक्षकों द्वारा चलाया जा रहा है। इस स्कूल में वे स्थानीय बच्चे पढ़ते हैं, जो झील के किनारे रहते हैं। स्थानीय लोग और छात्र पर्यावरण-अनुकूल (ईको-फ्रेंडली) तरीकों को अपनाते हैं, जैसे सौर पैनल और वर्षा जल संचयन, ताकि झील के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखा जा सके। इस अनोखे स्कूल की शुरुआत ऑल लोकटक लेक एरियाज फिशरमैन यूनियन, मणिपुर (ALLAFUM) और पीपल रिसोर्सेज डेवलपमेंट एसोसिएशन ने मिलकर की है। *

## मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल

### चिराग स्कूल, उत्तराखंड



**उत्तराखंड के** नैनीताल जिले के सिमायल गांव के निकट ओडाखान में स्थित चिराग स्कूल की स्थापना 2006 में हुई थी। यह आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए एक हिंदी माध्यम का स्कूल है। यह स्कूल 'चिराग' नामक एनजीओ द्वारा संचालित किया जाता है। शिक्षा शास्त्री कनाई लाल ने हिमालय की गोद में इस स्कूल की शुरुआत की थी। उनका लक्ष्य बच्चों को मिट्टी के घरों से लेकर माइक्रोचिप्स तक, हर चीज की एक अनूठे अंदाज में समग्र समझ प्रदान करना था। यह स्कूल मध्य हिमालय का पहला पर्यावरण स्कूल है। इस अनोखे स्कूल का डिजाइन आस-पास के तीन गांवों के निवासियों, शिक्षकों और युवाओं की भागीदारी के माध्यम से विकसित हुआ है। *

## दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण

### वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल, मध्य प्रदेश




**बच्चो, तुम्हें** जानकर आश्चर्य होगा कि अपने देश में एक स्कूल ऐसा भी है, जहां पढ़ने वाले बच्चे एक नहीं, दोनों हाथों से लिखते हैं। इससे भी बड़ी हैरानी की बात यह है कि ये बच्चे दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग भाषाओं में लिखते हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले से 15 किलोमीटर दूर बुधेला नामक स्थान पर वीणा वादिनी पब्लिक स्कूल के 100 से ज्यादा विद्यार्थी दोनों हाथों से लिखने की कला में माहिर हैं। इस स्कूल की शुरुआत 1999 में की गई थी। इस स्कूल को विरंगत शर्मा ने शुरू किया था। वह बताते हैं, 'मुझे यह सीख देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मिली। यहां छात्रों को पहली कक्षा से ही दोनों हाथों से लिखने का प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें छह अलग-अलग भाषाएं भी सिखाई जाती हैं।' *

प्रतिभा / अंजू जैन

# असाधारण मेधा शक्ति वाले नन्हे शिक्षक

बच्चो, तुम्हारी ही उम्र के कई ऐसे बच्चे हैं, जिनका ज्ञान देखकर आश्चर्य होता है। अपने विषय की गहन जानकारी रखने वाले ये प्रतिभावान और ज्ञानी बच्चे किसी शिक्षक से कम नहीं हैं। मिलो, ऐसे ही प्रतिभावान तीन बच्चों से।

## अवि शर्मा: बालमुखी रामायण का रचयिता और वैदिक गणित का ज्ञाता



**इंदौर, मध्य** प्रदेश के अवि शर्मा ने सन 2022 में मात्र 12 वर्ष की आयु में हिंदी में 'बालमुखी रामायण' लिखी। अवि द्वारा लिखे गए इस ग्रंथ में 250 छंदों के साथ रामायण की प्रमुख घटनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। अवि वैदिक गणित के सबसे युवा प्रशिक्षकों में से भी एक है। उसने करीब 150 छात्रों को वैदिक गणित सिखाया है। इन सबके अलावा अवि ने एक आवाज-संचालित कंप्यूटर प्रोग्राम 'माधव' (माय एडवांस्ड डोमेस्टिक हैंडलिंग एआई वर्जन) विकसित किया है, जो विभिन्न भाषाओं में काम करता है। इसे बनाने में अवि को मात्र दो सप्ताह का समय लगा था। 2022 में अवि को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान उसने वर्चुअल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत की और उन्हें गीता के श्लोक सुनाए। साल 2023 में, इंदौर गौरव दिवस पर मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी अवि शर्मा को सम्मानित किया था। *

## कृतिन गुप्ता : पढ़ा रहा आईआईटी लेवल की मैथमेटिक्स



**दिल्ली का** रहने वाला कृतिन गुप्ता अपनी उम्र से कहीं आगे की बुद्धि रखता है। वह छोटी उम्र से ही गणित में रुचि लेने लगा था। जब कृतिन दस वर्ष का था, तभी से वह स्टूडेंट्स को आईआईटी लेवल का गणित पढ़ाने लगा था। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में अपनी उम्र से काफी बड़े छात्रों को गणित पढ़ाने के कारण कृतिन को 'ग्रैंड मास्टर' के नाम से भी जाना जाता है। कृतिन बीते पांच वर्षों से स्कूल ही नहीं, कॉलेज के स्टूडेंट्स को भी गणित पढ़ा रहा है। कृतिन का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। *

## कौटिल्य पंडित: जनरल नॉलेज का मास्टर



**हरियाणा के** करनाल जिले के कोहंड गांव में जन्मा कौटिल्य पंडित मात्र 5 वर्ष की आयु में ही विश्व के प्रत्येक देश की सीमाओं, क्षेत्रों और अन्य विवरणों को मौखिक रूप से याद कर चुका था। साथ ही सौरमंडल के प्रत्येक ग्रह और उपग्रह के नाम और आकार भी उसे जुबानी याद थे। इसके अलावा गणित, करेंट टॉपिक्स, इतिहास, सामान्य ज्ञान सहित अनेक विषयों पर भी कम उम्र में ही उसकी अच्छी पकड़ थी। उसकी असाधारण बुद्धि और विलक्षण ज्ञान के कारण लोग उसे 'गूगल ब्वॉय' के नाम से बुलाने लगे थे। कौटिल्य समय-समय पर विशेष वर्कशॉप में बच्चों को पढ़ाता भी है। जनवरी 2020 में गूगल ब्वॉय कौटिल्य ने चाइल्ड प्रोडिजी पुरस्कार जीता। अब 17 साल के हो चुके कौटिल्य पंडित का चयन ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, लंदन में मास्टर ऑफ फिजिक्स कोर्स के लिए हुआ है। इसके लिए कौटिल्य को 25 लाख की स्कॉलरशिप भी मिली है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, कुछ ही समय पहले बाल कहानियों की एक किताब आई है, जिसका नाम है- गूंगी गुड़िया। इसमें कुल बारह कहानियां हैं।




ये ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने को मिलेगा। यही नहीं ये सारी कहानियां तुमको समझदार भी बनाएंगी। पहली कहानी 'गूंगी गुड़िया' में तुम पढ़ोगे कि चिंकी किस तरह से मेले में खो जाती है और अपराधियों के चंगुल में फंसने के बाद भी हिम्मत नहीं हारती। फिर समझदारी और बहादुरी से बच निकलती है। 'सच्चे संगी साथी' में तुम पढ़ोगे कि किस तरह मुश्किल समय में आदित्य के दोस्त उसकी मदद करते हैं? कुछ बच्चे स्मार्टफोन पर गेम्स खेलते रहते हैं या उनको फोन से फोटो क्लिक करने में बड़ा मजा आता है। लेकिन ऐसा करने के चक्कर में लापरवाही बरतना किस तरह खतरनाक हो सकता है, इसे तुम 'लाइक, कमेंट का चक्कर' कहानी में पढ़ सकते हो। इनके अलावा 'रोटी के बदले समोसे', 'काल करे सो आज कर' और 'जब तान्या शर्मिंदा हुई' कहानियों में भी तुम्हें अच्छी सीख मिलेगी। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत अच्छी हैं। *

**किताब :** गूंगी गुड़िया (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य :** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल

## हंसगुल्ले




**टीचर:** दो समानांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन:** मैम, क्योंकि उनके दांत नहीं होते।
-दीपक, धमतरी

**साइंस टीचर:** बच्चो, सभी ग्रह अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं।
**कुणाल:** सर, अगर वे अपनी-अपनी कक्षा में घूमते रहते हैं, तो पढ़ते कब हैं?
-ज्योत्सना, रोहतक

## जीके क्विज-169

1. हाल में किस भारतीय महिला तीरंदाज ने जूनियर विश्व तीरंदाजी खिताब जीता?
2. छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. भारत के वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त कौन हैं?
4. पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले लेखक कौन थे?
5. दुनिया के किस शहर को हीरे की राजधानी कहा जाता है?
6. ब्रिटिश भारत के प्रथम वायसराय कौन थे?
7. भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम कौन सा है?
8. हाल में देश में निर्मित पहले माइक्रोचिप का क्या नाम है?
9. सूर्य की किरणों से हमें कौन-सा विटामिन मिलता है?
10. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-169 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-168 का उत्तर :** 1.शुभमन गिल, 2.मेजर ध्यानचंद, 3.अभिनव बिंद्रा, 4.टेबल टेनिस, 5.खेल प्रशिक्षक (कोच), 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.ग्यारह, 8.टेनिस, 9.क्रिकेट, 10.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

**जीके क्विज-168 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, सौरभ-बिलासपुर, कबीर-हिसार, अजित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, हर्षिता-रायपुर, अजय-बिलासपुर, दीपक-रायगढ़, सुशील-बालोद, सौम्या-धमतरी, राकेश-महासमुंद



कहानी
पूर्ति खरे

रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ टीचर-टीचर खेल रही थी। रैना टीचर बनी थी रिद्धि स्टूडेंट। रैना के एक सवाल के जवाब में रिद्धि ने कह दिया, 'शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।' यह बात वहां बैठे रैना के दादा जी ने सुन ली। उन्होंने रिद्धि को खेल-खेल में ऐसा सबक सिखाया कि उसे अपने कहे पर बहुत पछतावा हुआ।

# खेल टीचर-टीचर का

रविवार की एक दोपहर रैना अपनी सहेली रिद्धि के साथ बरामदे में टीचर-टीचर वाला खेल, खेल रही थी। वहीं बरामदे में दूसरी ओर कुर्सी पर रैना के दादा जी अखबार पढ़ रहे थे। वे बीच-बीच में उनका खेल बड़े ध्यान से देख रहे थे। इस खेल में रैना टीचर थी, उसकी सहेली रिद्धि स्टूडेंट। टीचर बनी रैना अपने दादा जी का पुराना टूटा हुआ चश्मा पहन कर मैडम वाले अंदाज में सवाल पूछ रही थी, 'रिद्धि बताओ, शिक्षक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?'

'नहीं पता! वैसे भी शिक्षक दिवस है तो शिक्षकों को ही पता होगा, मुझे इससे क्या मतलब, मैं तो स्टूडेंट हूं।' रिद्धि सवाल का मजाक बनाती हुई बोली।

रैना ने पहले प्रश्न का उत्तर देते हुए दूसरा प्रश्न पूछा, 'पांच सितंबर को मनाया जाता है शिक्षक दिवस। अच्छा! चलो यह बताओ कि यह दिवस क्यों मनाया जाता है?'

रैना के सवाल पर रिद्धि फिर हंसती हुई बोली, 'फालतू में मनाया जाता है, क्योंकि शिक्षक करते ही क्या हैं, सिवाय पढ़ाने और डांटने के।'

रिद्धि बहुत शरारती बच्ची थी, दूसरों की हंसी उड़ाना उसकी आदत थी। उधर टीचर का परिहास होता देख दादा जी को बहुत गुस्सा आया, उन्होंने मन ही मन में तय किया कि वे रिद्धि को उसकी गलती का एहसास कराएंगे। दादा जी भी दोनों बच्चियों के इस टीचर-टीचर वाले खेल में शामिल हो गए, बोले, 'रिद्धि, तुम लोगों का खेल तो बड़ा अनोखा है। अब ऐसा करो, मैं और रैना स्टूडेंड बनते हैं और तुम टीचर बन जाओ।'

दादा जी को स्टूडेंड बनता देख रिद्धि टीचर बनने को तुरंत राजी हो गई। अब रिद्धि ने दादा जी का पुराना चश्मा पहना और



टीचर के अंदाज में बोली, 'चलो! सब अपनी-अपनी ड्रॉइंग कॉपी निकाल कर शेर का चित्र बनाओ।'

दादा जी और रैना चित्र बनाने लगे। दादा जी ने शेर की जगह लोमड़ी का चित्र बना दिया। रिद्धि उनका चित्र देखकर बोली, 'यह तो लोमड़ी का चित्र है, मैंने शेर बनाने को कहा था। इसे मिटाकर फिर बनाओ।' लेकिन दादा जी ने नहीं सुनी, वह लगातार अलग-अलग जानवरों के चित्र बनाते रहे लेकिन शेर का चित्र उन्होंने नहीं बनाया। रिद्धि यह देखकर सिर पर हाथ रख कर बैठ गई। दादा जी बोले, 'रिद्धि टीचर! मुझे शेर बनाना नहीं आता, प्लीज आप बताओ ना कि कैसे बनाते हैं शेर?' रिद्धि को शेर बनाना नहीं आता था, इसलिए वह बात को टालते हुए बोली, 'ऐसा करो फूल बना दो।'

'पर मुझे फूल बनाना भी नहीं आता टीचर!' दादा जी बच्चे जैसे अंदाज में बोले।

रिद्धि खीझ कर बोली, 'तो ऐसा करो, कुछ मत करो, बस मुंह पर चुपचाप अंगुली रख कर बैठ जाओ।'

दादा जी कहां मानने वाले थे, उन्होंने बच्चों की तरह गुस्सा कर अपनी और रैना की कॉपी फाड़ दी और जोर-जोर से रोने लगे। रिद्धि उन्हें चुप करा-करा कर थक गई, पर वे चुप नहीं हुए। थक-हार कर वह बोली, 'मुझे नहीं बनना कोई टीचर-टीचर, यह मेरे बस का काम नहीं है। ऐसे शैतान बच्चे को मैं नहीं पढ़ा सकती।'

रिद्धि की बात पर दादा जी नॉर्मल होकर बोले, 'क्यों अब समझ आया कि शिक्षक बनना कितना मुश्किल है? जरा-सी देर तुम एक शैतान बच्चे को नहीं संभाल पाईं। सोचो शिक्षक तो रोज ऐसे कई बच्चों को अकेले संभालते हैं। जब मुझसे शेर का चित्र नहीं बना तो तुमने इस बात को टाल दिया पर शिक्षक ऐसे बातों को टालते नहीं हैं। वे अपने विद्यार्थी के हर सवाल का हल बताते हैं, उसकी हर जिज्ञासा को शांत करते हैं।'

रिद्धि, दादा जी का सबक समझ गई थी। वह शर्मिंदा होकर चेहरे को लटका कर खड़ी थी। दादा जी आगे बोले, 'तुम अभी कह रही थीं कि शिक्षक डांटने और पढ़ाने के सिवाय करते ही क्या हैं? तो सुनो कि शिक्षक क्या करते हैं और क्या होते हैं?' एक शिक्षक की भूमिका कितनी बड़ी होती है, दादा जी ने रिद्धि को विस्तार से बताया, 'जो हमें ज्ञान का पाठ पढ़ा कर जीवन को सही ढंग से जीना सिखाते हैं, वे होते हैं शिक्षक। जो सही-गलत के बीच का भेद बताते हैं, वे होते हैं शिक्षक। अरुचि को रुचि में, आलस्य को ऊर्जा में, अंधकार को प्रकाश में, मूर्खता को विवेक में, कमजोरी को शक्ति में बदल देने वाला यदि कोई है तो वह शिक्षक है।'

अपने बर्ताव पर रिद्धि को बहुत शर्मिंदगी महसूस हुई, वह बोली, 'दादा जी! माफ करें, अब से मैं हर शिक्षक का सम्मान करूंगी। सदा उनके बताए गए मार्ग पर चलूंगी।'

दादा जी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले, 'बात केवल सम्मान की नहीं है रिद्धि बेटा! बात है शिक्षक के महत्व को समझने की। तुम्हारे शिक्षक हर मौसम में, अपनी व्यक्तिगत परेशानियों को किनारे करके तुम सबको पढ़ाते हैं। विषय कितना भी अरुचिकर क्यों न हो, उसे वे सदा रोचकता से पढ़ाने की कोशिश करते हैं। शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं, शिक्षक आने वाले कल का, तुम सबके निर्माणकर्ता होते हैं, तभी तो महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।' *

कविता
शिवचरण चौहान



## शिक्षक

विद्यालय में हमें पढ़ाते
वह शिक्षक हैं कहलाते।
एक-एक अक्षर हमको
पढ़ना-लिखना सिखलाते।।
गणित और विज्ञान पढ़ाते
हिंदी के संग अंग्रेजी।
जब वे पढ़ाएं हमको तो
आती है बुद्धि में तेजी।।
पढ़ा-लिखा कर बचपन में
हमको करते हैं तैयार।
कहते आगे बढ़ना सीखो
कभी न मानो हार।।
ऐसे ज्ञानी शिक्षक सच में
होते हैं बहुत महान।
आज शिक्षक दिवस पर
हम करते उनका सम्मान।।

## रंग भरो-184

**रंग भरो-184** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



आशना, जांजगीर



देवांश, भिवानी



केशव, जांजगीर



आदित्य, खैरागढ़



सानवी, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, रितेश-मटियारी, सानवी-बिलासपुर, समृद्धि-शहडोल, अभिषेक-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राहुल-करनाल, सौम्या-बिलासपुर, यतीश-कोरबा, हर्ष-बालोद

## रंग भरो 185



बच्चो, यहां दिए गए रेखाचित्र में सार्थक को उसकी ट्यूशन टीचर पढ़ा रही हैं। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## जैकेट के शेष

### गंगा तट पर ....

परंपरा और अनुशासन को शिक्षकों ने यहां का आधार स्तंभ बनाया और भारतीय शिक्षा पद्धति को उसके मूल स्वरूप में जीवित रखा। इस आश्रम के कई हिस्से प्राचीन परंपरा के आधार पर ही निर्मित हैं, जहां गोबर से लिपाई की जाती है। शिष्य स्वयं अपनी कुटिया की सफाई और लिपाई करते हैं। पारंपरिक परिधान में ही शिष्यों को ज्ञान प्रदान किया जाता है। एआई के जमाने में जहां किताबें भी कंप्यूटराइज्ड हो चुकी हैं, यहां का भव्य पुस्तकालय शोध के लिए छात्रों को पर्याप्त अध्ययन सामग्री प्रदान करता है। दुनिया के 77 देशों में इस विधि की शाखाएं फैली हुई हैं। छग के राजनांदगांव जिले में भी इसकी शाखा है। यहां के शाखा प्रमुख स्वामी शंभुनाथ ने बताया कि शाखाओं में गुरुकुल पद्धति का अनुसरण नहीं होता है, केवल मुख्य बांध में ही शिक्षक इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं।

### श्लोक और शास्त्रों ....

बच्चों की शिक्षा निशुल्क प्रदान की जाती है और एक रुपए की फीस भी नहीं ली जाती। रहने और खाने की व्यवस्था भी पूरी तरह निशुल्क है। पूरी तरह आवासीय इस स्कूल या कहें कि गुरुकुल में सुबह 5 बजे से शुरू हुई दिनचर्या रात के 10 बजे तक चलती है। इस बीच सुबह प्रार्थना, मंदिर में पूजा पाठ, योग, आश्रम और गौशाला की सेवा के साथ कक्षाएं लगती हैं। शाम को खेलकूद भी होता है। यहां के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अस्त्र शस्त्र चलाने के साथ ही कराटे, ताइक्वांडो और आत्मरक्षा से जुड़ी दूसरी विधा भी सिखाई जाती है। छात्र और शिक्षक संबोधन और अभिवादन के लिए जयश्री राम बोलते हैं।

इस संस्था में संस्कृत स्कूल होने के बावजूद हिंदी माध्यम से सभी कक्षाएं लगाई जाती हैं। संस्कृत के श्लोक को पर खास ध्यान दिया जाता है। वैदिक विधि से भी पढ़ाई कराई जा रही है। आश्रम के संचालक आचार्य परमानंद गिरि ने बताया कि वे 2007 में पेंड्रा रोड आए थे और क्षेत्र में स्कूल और वंचित वर्ग की अध्ययन की कमी को देखते हुए उन्होंने सन 2008 में इस संस्था की स्थापना की जिसका नाम ओम अखंड शत्रु धर्म संस्था है। इसके बाद गोरखपुर में ही परम शांति धाम नामक एक आश्रम की स्थापना की गई। 2010 में परमानंद संस्कृत विद्यालय की स्थापना हुई जिसमें बच्चों का एडमिशन शुरू किया गया।

**खेती और गौशाला की सेवा नियमित दिनचर्या में शामिल :** आचार्य श्री गिरि ने बताया कि संस्था को सरकार से फिलहाल कुछ खास अनुदान नहीं मिलता और यह पूरी तरह दानदाताओं और समाज सेवकों द्वारा दिए गए फंड से संचालित हो रहा है। इस स्कूल में न सिर्फ गौरेला पेंड्रा मरवाही के छात्र छात्राएं बल्कि कोरबा, अंबिकापुर, मुंगेली और मध्य प्रदेश के डिंडोरी, अनूपपुर जिले के भी बच्चे पढ़ रहे हैं। इन बच्चों के परिजनों को महीने में एक बार इनसे मिलने की अनुमति है। आचार्य श्री गिरि ने बताया कि बच्चों की दिनचर्या सुबह 5 बजे शुरू होती है 5:30 बजे प्रार्थना और 6:00 बजे मंदिर की घंटी बजती है। पूजा पाठ के बाद योग और फिर आश्रम की सेवा छात्र-छात्राएं करते हैं। आश्रम में खेती और गौशाला की सेवा भी नियमित दिनचर्या में शामिल है। स्नान ध्यान के बाद सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विद्यालय लगता है। दोपहर एक बजे भोजनअवकाश होता है, इसमें बच्चे भोजन से पहले भोजन मंत्र का उच्चारण करते हैं। शाम को खेलकूद और प्रभु की आरती के बाद बच्चे 9 बजे भोजन करने के बाद आराम करते हैं।

### गुरु शिष्य की परंपरा ....

विद्यालय। स्कूल और संस्था को संभालने के लिए 25 लोगों का स्टाफ है जिसमें शिक्षक भी शामिल है। शिक्षक क्वालिफाइड और प्रशिक्षित हैं। आचार्य परमानंद गिरि के मुताबिक स्कूल खोलने का मुख्य उद्देश्य गौरेला पेंड्रा मरवाही के आदिवासी बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ते हुए उन्हें गुरु शिष्य की परंपरा और वैदिक अध्ययन से जोड़ना था। पिछले 15 सालों में इस प्रयास को सफलता मिली है और अब उन बच्चों के परिजन भी बेहतर महसूस करते हुए आश्रम से लगातार जुड़ रहे हैं।

### आधुनिक और वैदिक ....

गुरुकुल में 150 और इसके ही स्कूल में 250 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यहां वैदिक शिक्षा से अपनी प्राचीन धरोहर को बचाने का प्रयास हो रहा है, वहीं वर्तमान में कम्प्यूटर शिक्षा और एआई तक को छात्र पढ़ रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि यहां स्कूल हो या गुरुकुल, अध्ययनरत छात्र अथवा ब्रह्मचारी जीव रक्षा की परिकल्पना से जुड़कर शाकाहारी हैं और अपने घर परिवार को भी इस दिशा में जागरूक कर रहे हैं।

**वर्षों से दे रहे वैदिक ज्ञान :** शिक्षकों की चर्चा की जाए, तो यहां गुरुकुल में 9 आचार्य तकरीबन 15-17 वर्षों से लोगों को वैदिक ज्ञान, यज्ञ-हवन, पूजा पाठ, योगाभ्यास सहित अन्य वैदिक क्रियाओं की शिक्षा दीक्षा दे रहे हैं। वहीं अंग्रेजी मीडियम में पढ़ाने वाले शिक्षक वर्तमान शिक्षण पात्रता को पूरी करते हुए अध्यापन करा रहे हैं।

**गुरुकुल में दिनचर्या का ही महत्व :** आचार्य सुरेश शास्त्री बताते हैं गुरुकुल में दिनचर्या का ही महत्व है। ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि 9 बजे तक ब्रह्मचारी यहां रहकर वेद पठन और संस्कृति को बचाने संस्कृत का अध्ययन कर रहे। शास्त्री जी बताते हैं कि यहां से पढ़कर आगे ओडिशा के अमसेना स्थित महर्षि दयानंद संस्कृत महाविद्यालय में मुफ्त शिक्षा प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि संस्कृत के पारंगत यहां के 98 प्रतिशत छात्र आज बेहतर मुकाम हासिल कर पाए हैं। वहीं 2 प्रतिशत छात्र यहीं से दीक्षा लेकर ब्रह्मचारियों को शिक्षा देकर संस्कृति की रक्षा में जुटे हैं।

### लुत्ती बांध के ....

रूप से बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 का कड़ाई से पालन करने तथा जिला प्रशासन के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए। इस बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव रवि मित्तल, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उईके तथा बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग मंडलों के मुख्य अभियंता सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कड़या नाला में ....

ग्राम धनेशपुर में लगभग 40 घर है तथा गांव की आबादी 250 है। गांव में खैरवार एवं कोडाकू समुदाय के ग्रामीण निवासरत है। गांव के सभी लोग कृषि व मजदूरी पर निर्भर है। लुत्ती बांध पिछले 45 सालों से ग्रामीणों की समृद्धि का आधार था। सिंचाई के अभाव में पहले ग्रामीण वर्षा आधारित खेती करते थे लेकिन बांध बनाने के बाद ग्रामीण हर साल अपने खेतों में धान व गेहूं की खेती करते हैं। इसी बांध के पानी से पड़ोसी ग्राम बिश्रामनगर के किसान भी अपने खेतों की सिंचाई करते हैं, ग्राम बिश्रामनगर निवासी अवकाश प्राप्त प्रधान पाठक समीर कुमार हलदार बताते हैं कि बांध पर विभाग के अधिकारियों की नजर थी। सिंचाई विभाग का एक मेट धनेशपुर में ही रहता है तथा बांध का नियमित देखरेख करता था। बांध के ऊपरी हिस्से में वर्षों पूर्व एक सुराख बन गया था जिससे बांध का जलस्तर बढ़ने पर पानी की रिसाव होता था।

### बांध लबालब, पिछले ....

है। 2023 में 65 और 2024 में 86 प्रतिशत जल भराव इस दौरान पाया गया। मिनीमाता बांगो बांध में जल स्तर बढ़ने के कारण चार दरवाजे खोल दिए गए हैं। गुरुवार को मिनीमाता बांगो बांध का जल स्तर 358.10 मीटर और 90.71 प्रतिशत होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। गेट नंबर चार, पांच, छह और आठ को खोलकर बाढ़ के पानी को नियंत्रित किया जा रहा है। बांध से कुल 23420 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा गया।

**यहां 90 प्रतिशत से अधिक पानी :** वहीं प्रदेश के एक दर्जन से अधिक बांधों में जलस्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इनमें मिनीमाता बांगो में 89.37, गंगरेल 90.37, तांदुला 95, सिकासार 96, खरखरा 96, कोसारटेडा 95, छीरपानी 93, मटियामोती 96, झुमका 99, गेज टैंक 97, करनाला 96 और मयाना में 95 प्रतिशत जल का भराव है। इनमें से कुछ बांध ऐसे है जहां पर कैचमेंट एरिया से पानी आने के कारण नहरों के माध्यम से नदी में पानी छोड़ा जा रहा है।

**अंतिम चरण पर मानसून :** छत्तीसगढ़ में चालू मानसून अंतिम पढ़ाव पर है। मई माह से शुरू हुए मानसून पहले तो सामान्य ढंग से चला। जून माह में 17 प्रतिशत कम बारिश होने के कारण लगा कि इस बार बारिश में कमी आई। जुलाई माह में दस दिन के मानसून ब्रेक किसानों की फसलों को नुकसान होने की आशंका बनी हुई थी। जुलाई माह के अंत और अगस्त की शुरुआत में अच्छी बारिश ने इस कमियों को पूरा कर दिया। अब बांधों में लबालब पानी है। 15 सिंतबर के बाद मानसून की तीव्रता कम होने के कारण अब मानसून अंतिम चरण पर आ गया है।

**वाशिंगटन। अमेरिका ने वेनेजुएला की एक नाव पर हमला किया जिसमें 11 लोग मारे गए। हमले के पीछे ड्रग्स तस्करी बताई गई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने खुलासा किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने खुद इस नाव को नष्ट करने का आदेश दिया था।


## कार्यालय नगर पंचायत माना कैम्प, जिला रायपुर (छ.ग.)

nagarpanchayatmanacamp@gmail.com

क्र./ 368/न.पं./ लो.नि.वि./2025-26 माना कैम्प, दिनांक 03.08.2025

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई निविदा पी.डब्लू.डी. एस.ओ.आर. भवन 01.01.2015 पर प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 174823 | प्रार्थना शेड का निर्माण कार्य आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय नगर पंचायत माना कैम्प | 10.00 | 24.09.2025 समय 17:30 |
| 2 | 174824 | नगर पंचायत माना कैम्प क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 10 में दुर्गा मंदिर के पास आर. सी. सी. शेड निर्माण कार्य | 10.92 | 24.09.2025 समय 17:30 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत माना कैम्प



## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

फोन नम्बर 07745-264323 ई-मेल jp-chhuriya.cg@nic.in

क्रमांक/2445/सी-मार्ट स्था./ज.पं./2025-26 छुरिया, दिनांक 04.09.2025

**-: रूचि की अभिव्यक्ति :-**

राज्य शासन की विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत संचालित स्व सहायतो समूहों, शिल्पियों, बुनकरों, दस्तकारों, कुम्भकारों अथवा अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों का समुचित मूल्य सुनिश्चित करने हेतु इनके व्यवसायिक ढंग से मार्केटिंग किये जाने हेतु जिला राजनांदगांव अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय छुरिया में आधुनिक शो-रूम की तरह ही एक सी-मार्ट की स्थापना किया गया है। उक्त सी-मार्ट के माध्यम से उत्पादों के विक्रय एवं सी-मार्ट के पूर्ण संचालन हेतु निजी संचालक / प्राईवेट पार्टनर का चयन किया जाना है।

इस हेतु इच्छुक महिला स्वं. सहायता समूह/संस्थाओं / फर्म से मोहरबंद प्रपत्र में रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा से संबंधित सामान्य नियम एवं शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन अवधि में कार्यालय जनपद पंचायत छुरिया के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन व प्रदाय करने की तिथि | निविदा प्रारंभ की तिथि 05.09.2025 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- 19.09.2025 समय दोपहर 01:00 बजे तक तथा निविदा खोले जाने की तिथि- 19.09.2025 समय दोपर 03:00 बजे । |

विभागीय वेबसाइट - jp-chhuriya.cg@nic.in

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत छुरिया


## पेज एक के शेष

### रविवि सहित राज्य की ....

है। ना सिर्फ रविवि बल्कि कोई भी राजकीय विवि टॉप-100 में जगह बनाने में कामयाब नहीं रहा। प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों की स्थिति इतनी खराब रही है कि कोई भी टॉप-200 में अपनी जगह नहीं बना सका। शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की जाने वाली एनआईआरएफ रैंकिंग के अंतर्गत ओवरऑल रैंकिंग में परंपरागत पाठ्यक्रम वाले विवि सहित मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट सहित अन्य सभी वर्ग शामिल रहते हैं। ओवरऑल रैंकिंग के अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग, कृषि व अन्य कैटेगरी में पृथक रूप से रैंकिंग निकाली जाती है। मैनेजमेंट कैटेगरी में आईआईएम रायपुर को 15वां स्थान मिला है। मेडिकल कैटेगरी में एम्स रायपुर को 31वां स्थान मिला है। इसी तरह से आईआईटी भिलाई को 72वीं रैंक मिली है। पिछले वर्ष आईआईटी भिलाई को 73वां रैंक मिला था। एनआईटी रायपुर का भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। एनआईटी को 86वीं रैंकिंग मिली है। ओवरऑल कैटेगरी में शीर्ष 100 में एक भी विवि नहीं है। 101-150 बैंड में एम्स रायपुर तथा 150-200 बैंड में कलिंगा विवि है।

### मोदी ने कहा-दिवाली ....

और सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। सबसे बड़ा फायदा आम नागरिक को होगा, क्योंकि कई आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं सस्ती होंगी। उल्लेखनीय है की एक दिन पहले ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में बेहद महत्वपूर्ण जनोपयोगी निर्णय लेते हुए छोटे और मध्यम वर्ग के वाहनों, कई उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरें घटाने की घोषणा कि गई।

### दो स्लैब, राहत ....

बच्चों के डायपर्स, बर्तन, सिलाई मशीन, ग्लूकोमीटर, मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन और इरिगेशन सिस्टम, टेस्ट स्ट्रिप्स, बायो पेस्टिसाइड, ट्रैक्टर्स, कल्टीवेशन, हार्वेस्टिंग, थ्रेसिंग सस्ती हो जाएंगे।

### प्रतिबंधित सामान की ....

नहीं है। यह मामला रायपुर के मंदिर हसौद में लूट और हत्या से जुड़ा है, जिसमें फ्लिपकार्ट के जरिए डिलीवर किए गए प्रतिबंधित सामान का इस्तेमाल हुआ था। इस पर वेयर हाउस और डिलीवरी सुविधा देने वाले दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था।

### जेम पोर्टल से खरीदी ....

है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभाग में अधिक मूल्य के क्रय की जाने वाली वस्तु एवं सेवा के सौदे पर समुचित पर्यवेक्षण किया जाए। यानी नजर रखी जाए। विशेष रूप से वह सौदा जिसमें एक वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपए से अधिक का सौदा किया जा सौदा किया जा रहा हो। **अब सौदों पर नजर के लिए भी इकाई :** सरकार का कहना है कि सरकारी खरीदी की कार्यवाही को पारदर्शी एवं नियमानुसार बनाने के लिए सभी विभागों में एक इकाई का गठन किया जाएगा। इस इकाई में में उप सचिव से अनिम्न पद श्रेणी के कम से एक अधिकारी हों। इकाई में विभाग में पदस्थ वित्त सेवा के अधिकारी या लेखा शाखा के प्रभारी को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। यह इकाई विभाग द्वारा किए जाने वाले क्रय पर समुचित रूप से नजर रखेगी। यह इकाई 15 दिन में गठित करने का निर्देश दिया गया है।

### कोई भी अनुचित ....

का उल्लेख न हो जो विभिन्न विक्रेताओं, प्रदायकर्ताओं को अनुचित लाभ प्रदान करती हो या क्रय की जा रही वस्तु या सेवा से संबंध नहीं रखती हो। किसी इकाई की नजर में अगर अनुचित अतिरिक्त शर्त का तथ्य मिलने पर संबंधित क्रय प्रक्रिया को निरस्त करने का निर्देश दिया गया है।

### कोर्ट में बोले ट्रंप....

नहीं है। अब ट्रंप ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान ट्रंप प्रशासन भारत पर लगाए गए टैरिफ को उचित साबित करने के लिए अजीबोगरीब तर्क दे रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अदालती दस्तावेजों में चेतावनी दी है कि भारत सहित अन्य देशों पर टैरिफ कम करने से अमेरिका को दूसरे देशों से बदले का सामना करना पड़ सकता है।


// मुकदमे के फैसले के बारे में समंस //
सिविल प्रोसिजर कोड आर्डर रूल्स 1 और 5

**न्यायालय-द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कबीरधाम (छ.ग.)**

उत्तराधिकार न्यायालय प्रकरण क्रमांक 07/2025
पेशी तारीख - 09/10/2025
प्रोसेस नंबर - 193/2025

प्रदीप अहिरवार.........................................वादी
विरूद्ध
शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम....उत्तरवादी

**बनामः** - 01 आम जनता

क्योंकि अपीलार्थीगण ने आपके खिलाफ सिविल अपील अंतर्गत धारा 96 सि. प्र. सं. सहपठित आदेश 41 नियम 01 के अंतर्गत इस न्यायालय में पेश किया है। आपको इस समंस के जरिए हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 09.10.2025 को दिन के 11.00 बजे खुद या ऐसे वकील मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक ठीक तौर से समझा दी गई हो और जो कि इस मामले के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दें सके) मामले का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। आज तारीख 25.08.2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

**टीप-** यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी ।

(पल्लव रघुवंशी)
मुहर द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी
जिला - कबीरधाम छ.ग.



## कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला - रायपुर (छ.ग.)

फोन/फैक्स नं. 07720-285709, E-mail - npkharora@gmail.com

क्रमांक /2104 /न.पं./ राज./ 2025-26 खरोरा, दिनांक 04/09/2025

**पौनी पसारी योजनान्तर्गत चबुतरा आबंटन सूचना**

एतद् द्वारा पौनी पसारी योजनान्तर्गत नगर के प्रतीक्षा बस स्टैण्ड परिसर में 8 x 4 साईज के कुल 30 चबुतरा का निर्माण करवाया गया है, जिसे परंपरागत व्यवसाय जैसे- सेलून / पार्लर, मोची, धोबी/लाण्ड्री, दर्जी, मूर्तिकार, बढ़ई, पेंटर, चाय पकौड़ा स्टॉल, आभूषण, सौंदर्य सामग्री (मनिहारी), दूध एवं दूध से निर्मित उत्पाद, डेली निड्स/किराना, लोहार, कुम्हार, घसिया, मरार, केंवट, गड़रिया, कोष्टा, पटवा, दोना पत्तल, बांस का टोकना, सूपा, कंबल, चटाई, सब्जी-भाजी, गोदना/टैटू, फूल माली, पूजन सामग्री एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद आदि परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्ति अथवा इच्छुक व्यक्तियों को 10/- रू. प्रतिदिवस किराया पर आबंटित किया जाना है। अतः ऐसे परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्ति अथवा इच्छुक व्यक्ति दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार तक निकाय द्वारा निर्धारित प्रारूप में कार्यालय नगर पंचायत खरोरा के राजस्व शाखा में आवेदन जमा कर सकते है। आबंटन संबंधी अन्य नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर देखी जा सकती है।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन दुकान आबंटन सूचना**

एतद् द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वावलंबन योजनान्तर्गत सोमवार / दैनिक बाजार परिसर में निर्मित नीचे निर्दिष्ट रिक्त दुकानों को पूर्व आरक्षण स्थिति अनुसार नगर पंचायत खरोरा सीमाक्षेत्र में निवासरत 18 से 40 वर्ष तक की आयु के बेरोजगार एवं जरूरतमंद युवक/युवतियों को योजना के दिशा-निर्देश एवं परिषद द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार आबंटित किया जाना है-

| क्रमांक | दुकान क्रमांक | साईज | आरक्षण स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 14, 15, 16 एवं 17 | 08X10 | अन्य पिछड़ा वर्ग |
| 2 | 18 | 08X10 | दिव्यांग |

अतः इच्छुक युवक एवं युवतियां दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार तक निकाय द्वारा निर्धारित प्रारूप में कार्यालय नगर पंचायत खरोरा के राजस्व शाखा में आवेदन जमा कर सकते है। आबंटन संबंधी अन्य नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर देखी जा सकती है।

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत खरोरा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में निर्मित 09 दुकान व्यावसायिक काम्पलेक्स में से नीचे निर्दिष्ट दुकानों को सार्वजनिक घोष विक्रय ( राईट ऑफ आक्यूवेशन) के आधार पर 15 वर्षों के लिए लीज पर दिये जाने दुकानों को आम नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जाना है। विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रमांक | दुकानों का विवरण | आरक्षण की स्थिति | साईज (फुट में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 |
| 1 | प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दुकान क्रमांक- 03 | अनारक्षित मुक्त | 9.84 x 13.12 | 25,000/- |
| 2 | प्रतीक्षा बस स्टैण्ड दुकान क्रमांक- 04 | अनारक्षित मुक्त | 9.84 x 13.12 | 25,000/- |

**जिस हेतु दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार को दोपहर 1:00 बजे नगर पंचायत खरोरा के सभाकक्ष में नीलामी की कार्यवाही की जावेगी** । नीलामी में भाग लेने इच्छुक व्यक्ति निर्धारित नीलाम शर्तें पूरी कर, उक्त नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में (अवकाश दिवस को छोड़कर) नगर पंचायत के राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

**टीप :-** उच्चतम बोली प्राप्त नहीं होने की स्थिति में दिनांक 08/10/2025 दिन बुधवार को दोपहर 1:00 बजे पुनः नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.)



RAJESH KHANDELWAL
Advocate
Juris Link Advocates, 422 Midas, Sahar Plaza, Andheri Kurla Road; Andheri Kurla Road, J. B. Nagar, Andheri (East), Mumbai – 400 059
Email: rajesh.khandelwal@jurislink.co.in; info@jurislink.net
T: 022-4013 8009 | M: +91 98210 66047; Website : jurislink.net

**BEFORE THE SOLE ARBITRATOR MR. RAJESH KHANDELWAL**
**TATA CAPITAL Limited .....Claimants**
**V/s**
**JUNAID GANI & Ors ......Respondents**

**MINUTES OF THE 7TH ARBITRAL MEETING HELD ON 18.08.2025**

**1.** The arbitral meeting was held on 18.08.2025 in virtual mode. The following were present: **For the Claimant:** Mr. Nikhil Mehta, Advocate i/b M/s KMC Legal Venture Advocates and Solicitors, Ms. Gauri Habbu: Manager Legal of the Claimants. **For the Respondents** None appeared for any of the Respondents. **2.** During the previous hearing held on 26.06.2025 (being the 6th hearing inadvertently referred to as the 4th hearing in the minutes thereof), none appeared for any of the Respondents The Tribunal after waiting for more than 20 minutes, had then thought it fit in the interest of justice to have adjourned the matter. Thereafter on at about 6.30pm, a watsapp message was received by me from Mr Junaid Gani citing medical emergency and hence about his inability to appear. No prior intimation in any manner was given by any of the Respondents to the Tribunal. In the interest of natural justiceand believing Mr Junaid Gani's message of he having some medical emergency, the Tribunal allowed another chance being last chance to the Respondents to file their respective Statement of Defense (SOD) along with all the documents that the Respondents desired to have referred to and relied upon with a copy to the Ld. Advocate for the Claimants subject to the cost of the pending Rs. 15,000/- being paid by the Respondents to the Claimants and their share of Arbitral tribunal's fee of Rs.57,500/- to be paid by the Respondents jointly and severally, on or before the next date of hearing. Mr Junaid Gani was also directed to file duly notorized affidavit of all the other Respondents authorizing Mr Junaid Gani to appear on their behalf in the matter. **3.** The matter was then adjourned to 18.08.2025 through virtual mode link of which was pasted in the minutes of meeting of previous hearing which was dispatched to each of the Respondents through registered post which packets containg the same were however returned as "refused" to this Arbitral Tribunal. **4.** Today none of the Respondents are present neither they have submitted their SODs nor have deposited the cost levied on them to the Claimants. Neither have the Respondents paid their share of the Arbitrators fees. The conduct of the Respondents is clearly evasive wherein they have "refused" the registered post sent by the tribunal enclosing minutes of the previous hearing. This act of the Respondents seems to be on purpose which in order to have avoided the present Arbitral proceedings. **5.** Be as it may, the tribunal feels it appropriate to give one last opportunity to the Respondents to remain present before the Tribunal and to have agitiated their case before the Arbitral Tribunal. The Arbitral Tribunal during the present hearing therefore sought information from the Claimants as to which were the newspapers(one in English and the other in the vernacular language) have maximum circulation in the vicinity of the Respondents for service of the present minutes by way of substituted service upon the Respondents herein. The Advocates for the Respondents submitted that two newspapers viz: Central Chronicle (English Newspaper) and Hari Bhoom (Vernacular Language: Hindi) have the maximum circulation in the vicinity of the Respondents. Hence the Claiamnts are directed to publish the present Minutes conveying the next date of hearing in the matter in the aforesaid newspapers which on or before the next date of hearing and have filed an Affidavit of Service to that effect. **6.** The Respondents are directed to file their respective Statement of Defense (SOD)along with all the documents that the Respondents desired to have referred to and relied upon on or before the next date of hearing. However this is subject to the cost of the pending Rs. 15,000/- to be paid by the Respondents to the Claimants. The Respondents have not paid their share of the Arbitration Fees being of Rs. 57,500/- though sufficient opportunities have been granted in the past to the Respondents herein. In view thereof the Claimants being the carrier of the proceedings are now directed to make payment of the Respondent's share of the Arbitration Fees of Rs 57,500/- which on or before the next date of hearing. Needless, to add that the aforesaid amount as paid by the Claimants will be reflected in the final award that will be drawn up by the Arbitral Tribunal. Mr Junaid Gani is once again directed to file duly notorized affidavit of all the other Respondents authorizing Mr Junaid Gani to appear on their behalf in the matter on or before the next date in case if he yet desires to do so. **7.** It is made clear that no further opportunity shall be allowed to the Respondents to file their SODs for any reasons whatsoever. **8.** The next meeting is kept for directions on 30.09.2025 @ 5 pm virtually the link of which is as given hereinbelow :**Arbitration Tata Capital Vs Junaid Gani & Ors Tuesday, September 30 5:00 – 6:00pm. Join with Google Meet: meet.google.com/bzc-uqtp-rvv . Join by phone: (US) +1 440-688-1012 PIN: 882 110 850# . 9.** The parties to attend the hearing without fail, failing which the matter shall proceed exparte as against them.

**Rajesh Khandelwal**
**Sole Arbitrator**



## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. EPC-CECONIIVSKP 2025036, दिनांक : 29.08.2025

**कार्य का नाम :** KKलाइन पर कोरापुट - जगदलपुर दोहरीकरण परियोजना: पूर्व तट रेलवे की जगदलपुर-कोरापुट दोहरीकरण परियोजना के संबंध में जरति और मालीगुड़ा स्टेशनों के बीच सात सुरंगों (सुरंग संख्या T1 - CH. 1705 मीटर से 2010 मीटर तक, T1A - CH. 2160 मीटर से 2400 मीटर तक, T2 - CH. 3240 मीटर से 3560 मीटर तक, T3 - CH. 4513 मीटर से 4620 मीटर तक, T4 - CH. 5120 मीटर से 5400 मीटर तक, T5 - CH. 6150 मीटर से 6320 मीटर तक एवं T6 - 10027 मीटर से 10312 मीटर तक (कुल - 1987 मीटर सुरंग की लंबाई 1707 मीटर के साथ अधिक 280 मीटर (सुरंगों के दोनों ओर पहुंच मार्गों की लंबाई) के लिए बालाष्ट रहित ट्रैक का डिजाइन, प्रूफ चेकिंग, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग सहित अन्य संबंधित कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1325.33 लाख, **EMD :** ₹ 6,62,700.00, **कार्य पूरा होने की अवधि:** 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 06.10.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**दृष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

**निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए ।**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-96/CI/25-26



## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक / लो.क.वि./जोन-2/2025/925/211 भिलाई दिनांक 01/09/2025

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर आमंत्रित की गई है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.inपर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड क्र. 22 प्रगतिनगर ढांचा भवन के आसपास आंतरिक गलियों में नई डी. आई. पाइप लाइन विस्तारीकरण का कार्य। | 174665 | 26.09 | 01.09.2025 से 22.09.2025 तक | 24.09.2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD/FDR प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।) उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यों सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त,
(जोन-02) नगर पालिक निगम, भिलाई



## कार्यालय नगरपालिका परिषद् नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

दूरभाष 07781-252278Email-cmonarayanpur@rediffmail.com

क्रमांक /1222/ मु.न.अ./ न.पा. परि. / 2025-26 नारायणपुर, दिनांक 04/09/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्निलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| System Tender No. | Name of Work/ description work | Probable Amount (in lacs) | Bid submission date |
|---|---|---|---|
| 174866 | नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत पेयजल संकट निवारण हेतु निकाय के 10 वार्डो मे 10 नग बोरवेल खनन कार्य। | 21.80 | 04.09.2025 To 25.09.2025 |
| 174899 | सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (शहीद गेंदसिंह स्मारक के पास) | 10.00 | 04.09.2025 To 25.09.2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें धरोवर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समयावधि में नगरपालिका नारायणपुर कार्यालय से एवं ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् नारायणपुर


## राशिफल

**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**कुंभ** स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5979



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5978 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5989

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5988 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

- विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रोजेक्ट्स देंगे शहर को नई पहचान

# रहेजा ग्रुप ने एक दिन में किया दो भव्य परियोजनाओं का भूमिपूजन



**रायपुर।** प्रदेश की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी रहेजा ग्रुप ने एक ही दिन में दो भव्य और अत्याधुनिक परियोजनाओं का भूमिपूजन कर यह सिद्ध कर दिया कि रायपुर अब भविष्य का स्मार्ट और प्रगतिशील महानगर बनने की राह पर है। यह आयोजन तेलीबांधा और नवा रायपुर दो प्रमुख स्थानों पर एक साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शहर के जाने-माने उद्योगपति, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इन दोनों परियोजनाओं को रायपुर की रियल एस्टेट की दिशा और दशा बदलने वाला बताया जा रहा है। शानदार लोकेशन, विश्वस्तरीय डिजाइन, आधुनिक आर्किटेक्चर और हर वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए ये प्रोजेक्ट्स शहर को एक नई पहचान देंगे। इसमें हरे-भरे खुले स्थान, अंतरराष्ट्रीय स्तर की लाइफस्टाइल सुविधाएं, क्लब हाउस, हाई-टेक कम्युनिटी स्पेस जैसी विशेषताएँ शामिल हैं जो रायपुर के निवासियों को एक नया अनुभव प्रदान करेंगी। रहेजा ग्रुप के निदेशक संजय रहेजा ने इस मौके पर कहा कि यह दिन केवल हमारे ग्रुप के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे रायपुर के लिए ऐतिहासिक है। पहली बार छत्तीसगढ़ में एक ही दिन दो बड़े प्रोजेक्ट्स का भूमिपूजन हुआ है। इन दोनों प्रोजेक्ट्स से रायपुर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

# सोना 1,000 रुपए टूटा, चांदी भी 500 रुपए हुई कमजोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप व्यापारियों की मुनाफावसूली से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई से 1,000 रुपये फिसलकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर 1,07,070 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी गिरावट देखी गई और बृहस्पतिवार को यह 1,000 रुपये गिरकर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,06,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# मुनाफावसूली से सेंसेक्स ने मामूली बढ़त दर्ज की

एजेंसी ▸▸ मुंबई



जीएसटी दरों में व्यापक कटौती के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 150 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 19 अंक मजबूत हुआ। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 150.30 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,718.01 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के कारण बाजार में बढ़त सीमित रही। सेंसेक्स के 19 शेयर नुकसान में जबकि 11 बढ़त में रहे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 888.96 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 81,456.67 अंक पर पहुंच गया, लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों में मुनाफावसूली के कारण यह नीचे आया।

## जेन स्ट्रीट ने सैट में सेबी के खिलाफ की अपील




**मुंबई।** अमेरिकी शेयर ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ने पूंजी बाजार नियामक सेबी के आदेश के खिलाफ प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण से गुहार लगाई। सेबी के आदेश में बाजार में हेराफेरी करने के आरोप में जेन स्ट्रीट पर पाबंदियां लगाई गई थीं। सेबी ने उसे अपना बचाव करने के लिए जरूरी जानकारी और दस्तावेज नहीं मुहैया कराए हैं।

## एफडीआई जून तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली।** देश में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 15 प्रतिशत बढ़कर 18.62 अरब डॉलर पर पहुंच गया। शुल्क मुद्दों के बावजूद इस तिमाही के दौरान अमेरिका से निवेश लगभग तीन गुना होकर 5.61 अरब डॉलर रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-जून के दौरान एफडीआई 16.17 अरब डॉलर रहा था।

## देव एक्सेलरेटर का आईपीओ 10 सितंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** लचीले कार्यालय स्थान उपलब्ध कराने वाली कंपनी देव एक्सेलरेटर लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 143 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 56 से 61 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 10 सितंबर को खुलकर 12 सितंबर को बंद होगा।

## मंत्रालय ने फर्जी पीएमवीवीवाई मंच के खिलाफ किया आगाह

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
Ministry of Labour & Employment
भारत सरकार (Government of India)

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने नागरिकों को कुछ फर्जी प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना मंचों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि ये मंच सरकार का उपक्रम होने का झूठा दावा कर रहे हैं। श्रम मंत्रालय के बयान में कहा गया, '' मंत्रालय इन वेबसाइट या उनकी गतिविधियों से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार करता है।

## अमेरिका नियोक्ताओं ने 72 लाख नौकरियों के लिए भर्ती निकाली

**वाशिंगटन।** अमेरिकी श्रम बाजार में जारी सुस्ती के बीच जुलाई में नियोक्ताओं ने 72 लाख नौकरियों के लिए भर्तियां निकालीं, जो जून के 74 लाख नौकरियों के आंकड़े से कम है। अमेरिकी श्रम विभाग ने जारी मासिक रिपोर्ट में कहा कि जुलाई में स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता क्षेत्र में 1.81 लाख और खुदरा क्षेत्र में 1.10 लाख रिक्तियां घटीं। रिपोर्ट के मुताबिक, नौकरियों में छंटनी मामूली रूप से बढ़ी। हालांकि, नौकरियां छोड़ने वालों की संख्या 32 लाख पर स्थिर बनी रही।

---

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
### नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204, वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक/2101/4423/2025/EXAM/966 नवा रायपुर, दिनांक 02/09/2025

**खनि निरीक्षक (खनिज साधन विभाग) परीक्षा 2022 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

खनि निरीक्षक (खनिज साधन विभाग) परीक्षा 2022 दिनांक 07.09.2025 को जिला रायपुर के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिसकी समय-सारणी निम्नानुसार है:-

| DATE | DAY | TIME |
|---|---|---|
| 07.09.2025 | SUNDAY | 10.00 AM TO 01.00 PM |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र दिनांक 26.08.2025 को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजा जाएगा।

(परीक्षा नियंत्रक)
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर

G-252603274/1

---

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

फोन नं. 07774-222707(O), E-Mail :- actwd.ambikapur@gmail.com,actd.ambikapur@gmail.com

क्रमांक/2833/वन अधिकार/आ.वि./न.क्र.-87/2025-26 अम्बिकापुर, दिनांक - 25/08/2025

**भर्ती सूचना**

अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सूचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमशः जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक - वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक - वन अधिकार अधिनियम) की नियुक्ति किया जाना है । उपरोक्त के संबंध में आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग का पत्र क्रमांक/वन अधि./ DA-JGUA / 2025-26 / 6345 / अटल नगर, दिनांक 14.08.2025 का अवलोकन करेगें जो इस पत्र के साथ संलग्न है । विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद का नाम | मानदेय | पद की संख्या | निर्धारित अवधि | स्तर | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक - वन अधिकार अधिनियम) | 30000/- | 01 | 01 वर्ष | जिला स्तर | सरगुजा जिले के जिला स्तरीय समिति स्तर पर |
| 2 | एमआईएस सहायक ( सहायक - वन अधिकारअधिनियम) | 20000/- | 02 | 01 वर्ष | चिन्हित अनुभाग स्तर पर | सरगुजा जिले के चिन्हित उपखण्ड स्तरीय समिति स्तर पर |

आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2025 कार्यालयीन समय पर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अम्बिकापुर जिला - सरगुजा छ.ग. में होगी एवं विस्तृत जानकारी एन. आई. सी. सरगुजा की बैवसाईट www.surguja.gov.in बेबसाईट में देखी जा सकती है ।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास अम्बिकापुर

G-252603273/2

---

## संचालनालय
## महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़

इन्द्रावती. भवन, ब्लाक-1, द्वितीय तल, नवा रायपुर, अटल नगर
दूरभाष क्रमांक 0771-2234192, 2234188 (Fax) email : dirwcd.cg@nic.in

क्रमांक/10242/मबावि/मसमि/2025-26 नवा रायपुर, दिनांक 02/09/2025

**सूचना**

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति अंतर्गत राज्य स्तर पर संचालित महिला हेल्पलाईन 181 के राज्य के रिक्त पदों पर कर्मचारियों की भर्ती के संबंध में इस कार्यालय के विज्ञापन क्रमांक / 11300 / मबावि / 2024-25 नया रायपुर, दिनांक 12.12.2024 को विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें सिक्युरिटी गार्ड / नाईट गार्ड के - 03 पदों हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण उपरांत पात्र / अपात्र सूची तैयार किया गया है ।

उक्त तैयार पात्र / अपात्र सूची पर आवेदकों से दिनांक 10/09/2025 समय सायंकाल 05:00 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया जाता है। दावा आपत्ति केवल आवेदन पत्र के समय प्रस्तुत दस्तावेज के मूल्यांकन पर आधारित होना चाहिए। दावा आपत्ति में कोई दस्तावेज स्वीकार नही किया जावेगा। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पत्र पर से पृथक विचार नही किया जायेगा ।

इस संबंध में पात्र / अपात्र की सूची महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल www.cgwcd.gov.in पर देखा जा सकता है।

(पदुम सिंह एल्मा)
संचालक
महिला एवं बाल विकास,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग )

G-252603265/1

---

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड - कोरबा (छ.ग.)

Near Rotary Chowk, Dingapur, Korba (C. G.)
Contact No. 07759228663, E-mail: eekor-phe-cg@nic.in

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नलजल योजना के विभिन्न कार्यो के लिए प्रतिशत दर फार्म "अ" में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा दिनांक 01.09.2025

| निविदा क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 40 | 174688 | 165.34 |
| 41 | 174691 | 157.91 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 04.09.2025 से 13.09.2025 समय 05.30 बजे तक देखी एवं बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड कोरबा में देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड - कोरबा (छ.ग.)

G-252603261/5

---

## CHHATTISGARH STATE POWER TRANS. CO. LTD.

O/o Chief Engineer (Store & Purchase)
3rd Floor, SLDC Building, Dangania, Raipur(C.G.)-492013

No. CE/S&P/NIT/TR-25/S&P/23/ 697 Raipur, dtd-03.09.2025

**E - PROCUREMENT TENDER NOTICE**

Tenders are invited for supplying the following materials:

| Sl. No. | Tender No. | Particulars | Qty (Set/No.) | Online tender fee (incl. GST)(Rs.) | Online EMD (In Rs.) | Due date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TR-25/S&P/23 RFx No- 8100046022 | Hardware & accessories for ACSR Panther Conductor | As per tender | 5000/- | 98,820/- | 26.09.2025 (15:00 Hrs.) |

For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our web site www.cspc.co.in.

SAVE ELECTRICITY

CHIEF ENGINEER (S&P)
CSPTCL: RAIPUR

---

## कार्यालय आयुक्त
## आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

ब्लाक-4डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
Phone No. -0771-2263708, Fax- 2262558
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in

**:: सूचना- पत्र ::**

छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' के चयन हेतु दिनांक 15.09.2024 को आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के फलस्वरुप अभ्यर्थियों के वरीयता के क्रम में दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों की सूची विभाग के वेबसाइट www.cgtribal.gov.in में अपलोड की गई है। सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि वे अपने निम्नलिखित शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अभिलेख दिनांक 10.09.2025 से संलग्न सूची में अंकित तिथि अनुसार प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन नया रायपुर अटल नगर छ.ग. संलग्न सूची में रैंक एवं तिथि अनुसार स्वयं उपस्थित होकर सा०स्था0-05 शाखा में उपलब्ध करावें:—

1. व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र।
2. व्यापम द्वारा जारी परीक्षा परिणाम की प्रति।
3. हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची।
4. मूल निवास प्रमाण पत्र।
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र। आरक्षित वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग का शपथ पत्र।
6. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का आय प्रमाण पत्र।
7. भूतपूर्व सैनिक का सेवा प्रमाण पत्र।
8. पासपोर्ट साइज का छायाचित्र (हाल का खीचा हुआ)
9. उपरोक्त दस्तावेज के प्रमाणीकरण के संबंध में शपथ पत्र।

सभी अभ्यर्थी मूल दस्तावेज की 02 छायाप्रति स्व प्रमाणित साथ लेकर उपस्थित होंगे।

उपायुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

G-252603252/1

---

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
## लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **भवन कार्य हेतु** दिनॉक **23.09.2025** समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 103 | 174712 | जिला कांकेर के सिविल न्यायालय पखांजूर मे पुरुषों एवं महिलाओं के लिए शौचालय ब्लॉक का निर्माण कार्य । | 16.09 लाख |
| 2 | 104 | 174751 | जिला कांकेर के सिविल न्यायालय भानुप्रतापपुर मे पुरूषों एवं महिलाओं के लिए शौचालय ब्लॉक का निर्माण कार्य । | 16.09 लाख |
| 3 | 105 | 174753 | शासकीय महिला आई.टी.आई. कांकेर में 50 सीटर छात्रावास को 100 सीटर करने के लिए प्रथम तल का निर्माण कार्य । | 169.41 लाख |
| 4 | 106 | 174754 | जिला कोर्ट कांकेर में पुरूष, महिला, दिव्यांग एवं तृतीय लिंग हेतु शौचालय का निर्माण कार्य । | 19.41 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-23.09.2025 है।**

**नोटः- प्रथम आमंत्रण**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर

G-252603244/2

---

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 174557/ निविदा सूचना क्र. 09/ व.ले.लि./2025-26
दि. 03.09.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 22.09.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नामः- कोंडागांव जिले के विकासखंड कोंडागांव में "एफ" टाईप क्वार्टर का जीर्णोद्धार कार्य, 'जी' टाईप क्वार्टर (1, 2, 6, 7, 8 एवं 9 ) का जीर्णोद्धार कार्य, "जी" टाईप क्वार्टर का निर्माण कार्य, 'एच' टाईप क्वार्टर का जीर्णोद्धार कार्य, मेन बाऊण्ड्री वॉल एवं पंप हाऊस का निर्माण कार्य।**

अनुमानित लागत - रू. **289.50 लाख**

**(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक ))**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 10.09.2025, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कोंडागांव
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

G-252603239/5

---

## Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited

(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER [1st Call]**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 17/CSIDC/E.E./Division-I/2025-26/ Raipur, Dated 01/09/2025

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following work :-

| Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Crore) | Last Date for Submission of tender |
|---|---|---|---|
| Infrastructure development works i/c roads, drainage, culverts, water supply system, Street light & Building works for Proposed New Industrial Area at **village-Gopalpur, District-Korba (C.G.).** | Class-A | 10.43 Crore | 29/09/2025 |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 03/09/2025 Time 17:01 Hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**NOTE:-** The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

S-45136/1

Executive Engineer
(Division-I)

---

## OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL) AU&PC, CSPGCL

Shed No. 02, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

**No. 03-15/W/811** **Raipur, date: 01.09.2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl No | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EDC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/**2025/54** | Widening & upgradation of approach road along with lay by from Ash dyke to Balco -Champa ring road at Gorhi/Pandirpani ash dyke of 2x250 MW DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 18,93,100/- | 19,000/- | 02 Months | 81000 45913 |
| 2 | EDC/AU&PC/ DSPM-KE/ W/**2025/55** | Development of access facility towards Pandipani Village for vehicular movement from starter dyke to 3rd stage raising at Gorhi/Pandripani ash dyke of 2x250 MW DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East. | 18,24,800/- | 18,300/- | 02 Months | 81000 45914 |

Cost of tender form is Rs. 590/- (Rs.500/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 22.09.2025 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 24.09.2025 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal.

Note:- (i) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(ii) Maintenance period for the work shall be 12 months.

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (Civil) AU&PC,
CSPGCL, Raipur

---

## कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड

"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर - 492018
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स. क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़/55/25-26/4554 **ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना** रायपुर, दिनांक 04/09/2025,

**Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in, Sub Portal : http://samb. eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद जिला गरियाबंद अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 26.09.2025, फिजिक्ल सबमिशन की अंतिम तिथि - 06.10.2025**

| क्रं | कार्य का नाम/ स्थल | अनुमानित लागत (लाख में ) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| | **वि.स. क्षेत्र बिन्द्रानवागढ़ जिला गरियाबंद अंतर्गत :-** | | |
| 1 | वि.ख. गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत आमदी (द) के ग्राम जैतपुरी के वार्ड क्र. 04 में सी.सी. रोड निर्माण । | 14.94 | लो.नि.वि. सडक कार्य हेतु दिनांक 01.01. 2025 से प्रभावशील एस.ओ. आर. पर |
| 2 | वि.ख. गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत बेगरपाला के वार्ड क्र. 05 यादव पारा में सी. सी. रोड निर्माण। | 14.94 | |
| 3 | वि.ख. छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत भरूवामुड़ा के ग्राम हीरावतर के वार्ड क्र. 08 में सी.सी. रोड निर्माण। | 19.76 | |
| 4 | वि.ख. मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायात खरीपथरा में सी.सी. रोड निर्माण । | 11.26 | |
| 5 | वि.ख. छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रूवाड़ के वार्ड क्र. 01 में सी.सी. रोड निर्माण । | 19.76 | |
| 6 | वि.ख. गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत हाथबाय के वार्ड क्र. 01 में सी.सी. रोड निर्माण। | 19.93 | |
| 7 | वि.ख. मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत छैलडोंगरी में मुख्य मार्ग से आशाराम सिन्हा घर तक सी.सी. रोड निर्माण । | 19.76 | |
| 8 | वि.ख. छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत दादरगांव नया के ग्राम फुलबाहरा में सामुदायिक भवन निर्माण । | 10.03 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दि 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर |
| 9 | वि.ख. गरियाबंद अंतर्गत ग्राम फुलकर्रा में शेड निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | 11.45 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते हैं।

सही /- सचिव
कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद जिला गरियाबंद

सही /-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति गरियाबंद जिला गरियाबंद

---

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.

(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGH E-BIDDING**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025_55 Dt. 04.09.2025 RFX No. 8100046032 | **Estimate for installation of 1x5 MVA, 33/11 kv shanti nagar substation Raipur under MMVAVY (STN-2025-26) phase-ll under city dn. (East) Raipur. 46-076-5145-2025-006 dt. 11.08.2025 R45076250290** | 1100927/- | Dt.25.09.2025 upto 02:30 PM | Dt. 25.09.2025 upto 03:00 PM |
| 2. | TR-2025_56 Dt. 04.09.2025 RFX No 8100046034 | **Estimate for 32 nos. DLF connection at balaji vihar near shitla mandir bhathagaon (under devlop coloney) Raipur under rawanbhatha Zone of City Dn. south, Raipur 76-064-5156-25-0007 dt. 03.07.2025 R56064250072, 073 & 074, (064-15-I) Amt. 13,11,691.00** | 1311691/- | Dt.25.09.2025 upto 02:30 PM | Dt. 25.09.2025 upto 03:00 PM |
| 3. | TR-2025_57 Dt. 04.09.2025 RFX No 8100046033 | **Estimate for power supply of 02 nos. DLF connection neat gurukul school satyam vihar raipura, Raipur under changorabhatha Zone of City Dn. West, Raipur R46061250341, 0342, R4661M250164. (LT-110-I) , Amt. 910541.00** | 421185/- | Dt.25.09.2025 upto 02:30 PM | Dt. 25.09.2025 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer
City Circle-I, CSPDCL: Raipur

## खबर संक्षेप




### बर्तवाल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

**लीवरपूल।** पवन बर्तवाल ने गुरुवार को विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों के 55 किग्रा वजन वर्ग के पहले दौर में ब्राजील के माइकल डगलस दा सिल्वा ट्रिनडाडे पर कड़े मुकाबले में विभाजित फैसले से जीत से भारत के अभियान की शुरुआत की। बर्तवाल ने पेरिस ओलंपियन और 2023 पैन अमेरिकन खेलों के रजत पदक विजेता को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में 3-2 से शुरुआत की। पर ब्राजील के मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में जवाब दिया और बर्तवाल पर ताकतवर मुक्कों की झड़ी लगाकर इसे अपने नाम कर लिया। अब दोनों बराबरी पर थे। पर बर्तवाल ने निर्णायक राउंड में शिकंजा कसा और जीत पक्की कर ली।

### फिडे ग्रैंड शतरंज : गुकेश ने बाकरोट को हराया

**समरकंद।** भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज के पहले दौर में फ्रांस के एटियेने बाकरोट को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर जैफ्री शियोंग के बीच बाजी ड्रॉ रही। गत चैंपियन विदित गुजराती ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जर्मनी के एलेक्जेंडर डोनचेंको को पराजित किया जबकि पी हरिकृष्णा सफेद मोहरों से खेलते हुए स्लोवेनिया के एंटोन डेनचेनकोव से हार गए।

## यूएस ओपन में युकी का दमदार प्रदर्शन, ट्रॉफी अब दो कदम दूर

# भांबरी ने रचा इतिहास, ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहली बार पहुंचा भारतीय टेनिस स्टार

एजेंसी ▸▸| न्यूयॉर्क

अमेरिका में जारी यूएस ओपन 2025 के दौरान भारत के युकी भांबरी ने कमाल कर दिया। भांबरी ने न्यूजीलैंड के अपने जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ मिलकर जीत का क्रम जारी रखा और करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले युकी भांबरी सिर्फ प्री-क्वार्टरफाइनल तक ही किसी ग्रैंडस्लैम में सफर तय कर सके थे। अब युकी भांबरी सेमीफाइनल और फाइनल के पड़ाव को पार करके पहली बार कोई ग्रैंडस्लैम अपने नाम करना चाहेंगे।

### क्वार्टरफाइनल में दर्ज की जीत

30 साल के भांबरी की वर्ल्ड रैंकिंग 32 है और वह भारत में टॉप मेंस डबल्स खिलाड़ी हैं। इंडो-न्यूजीलैंड की जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका के राजीव राम और क्रोएशिया के निकोला की जोड़ी को तीन सेट के मुकाबले में 6-3, 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में कदम रखा। जिसके चलते साल के आख़िरी यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम में भारत की चुनौती बनी हुई है। भांबरी के अलावा रोहन बोपन्ना, अर्जुन काधे जैसे खिलाड़ी अपने-अपने जोड़ीदार के साथ पहले राउंड में ही हारकर बाहर हो गए थे।




### अब छठी वरीयता जोड़ी से मुकाबला

वहीं युकी भांबरी और माइकल वीनस की जोड़ी के बारे में बात करें तो इन दोनों का मुकाबला अब सेमीफाइनल में ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की और जो सैलिसबरी की जोड़ी से होगा। ब्रिटेन के खिलाड़ियों की ये जोड़ी काफी मजबूत है और इनको टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त है। इन दोनों ने एक साथ इसी साल फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन खिताब नहीं जीत सके थे। अब ये दोनों यूएस ओपन का खिताब जीतने के लिए सब कुछ झोंक देंगे। ऐसे में भांबरी और वीनस को सेमीफाइनल में मजबूत तैयारी के साथ कोर्ट में आना होगा।



### बहुत ही रोमांचक अनुभव : युकी

*तैंतीस वर्ष के भांबरी चोटों से परेशान रहने के बाद एकल छोड़कर युगल पर फोकस कर रहे हैं। दुनिया के पूर्व जूनियर नंबर एक खिलाड़ी भांबरी का सीनियर ग्रैंडस्लैम में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने कहा, ' यह बहुत ही रोमांचक अनुभव था। मैं काफी भावुक हो रहा हूं। मुझे खुशी है कि इतना कठिन मैच हम जीत सके। हमारी प्रतिद्वंद्वी जोड़ी काफी अनुभवी थी और उनके खिलाफ जीतना बहुत बड़ी बात है।' उन्होंने कहा, ' अभी तक का सफर अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि वीनस और मैं मिलकर अच्छा खेल पा रहे हैं।' इसके साथ ही पुरुष युगल में भारत का दबदबा लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद भांबरी ने बरकरार रखा है।*

## सेमीफाइनल में सिनेर की एंट्री



गत चैंपियन यानिक सिनेर ने इटली के ही दसवीं रैंकिंग वाले लोरेंजो मुसेत्ती को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना 25वीं वरीयता वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा, जिन्होंने आठवीं रैंकिंग वाले एलेक्स डि मिनौर को 4-6, 7-6, 7-5, 7-6 से हराया। सिनेर का यह लगातार पांचवां ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है। अगर वह शुक्रवार को जीतते हैं तो इस साल चारों ग्रैंडस्लैम फाइनल पहुंचने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

## अनिसिमोवा सेमीफाइनल में, स्वियातेक को हराया



आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने इगा स्वियातेक को 6 -4, 6-3 से हराकर अमेरिकी ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दो महीने पहले ही छह बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्वियातेक ने विम्बलडन फाइनल में अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराया था। अमेरिका की अनिसिमोवा का यह तीसरा ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल है लेकिन फ्लशिंग मीडोस पर वह पहली बार अंतिम चार में पहुंची हैं। अब उनका सामना चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने कोको गाफ को हराया था। उन्होंने सेमीफाइनल में 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को मात दी।

---

एशिया कप हॉकी

## भारत ने मलेशिया को दी मात, 4-1 से हराकर पहुंचा फाइनल के करीब



एजेंसी ▸▸| राजगीर

भारत ने गुरुवार को पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर 4 चरण के अपने दूसरे मैच में मलेशिया को 4-1 से हरा दिया। भारतीय टीम ने धीमी शुरुआत की जबकि शफीक हसन ने दूसरे ही मिनट में मलेशिया को बढ़त दिला दी लेकिन मेजबान टीम ने शानदार वापसी की। मनप्रीत सिंह (17वें मिनट), सुखजीत सिंह (19वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (24वें मिनट) और विवेक सागर प्रसाद (38वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए। भारत ने बुधवार को अपने पहले सुपर 4 मैच में कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला था।

- मनप्रीत, सुखजीत, लाकड़ा और प्रसाद ने दागे गोल

### सुपर 4 तालिका में शीर्ष पर भारत

इस जीत से भारत दो मैच में चार अंक के साथ सुपर 4 तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वह चीन और मलेशिया से आगे है, जिनके तीन-तीन अंक हैं जबकि गत चैंपियन कोरिया केवल एक अंक के साथ अंतिम स्थान पर है। शुक्रवार को विश्राम के बाद भारत शनिवार को सुपर 4 के अपने अंतिम मैच में चीन से भिड़ेगा जबकि मलेशिया का सामना कोरिया से होगा। रविवार को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए भारत को चीन के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की आवश्यकता है।

### दो मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेला मलेशिया

मलेशिया अपने दो मुख्य खिलाड़ियों के बिना खेला। पिछले मैच में चीनी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर हुई झड़प के बाद अनुशासनहीनता के कारण फितरी सारी को मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। अबू कमाल अजराई भी भारत के खिलाफ नहीं खेले। भारत को दूसरे ही मिनट में झटका लगा जब मलेशिया ने हसन के गोल से बढ़त बना ली। मलेशियाई खिलाड़ी हसन ने संजय और जुगराज सिंह को चकमा देकर अपनी रिवर्स स्टिक से गेंद को गोल में पहुंचा दिया। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति थोड़ी कमजोर दिखी लेकिन उसने कोई और गोल नहीं खाया।
**भारत ने बनाया दबदबा :** शुरुआती हमले को छोड़कर भारत ने पहले क्वार्टर में गेंद पर कब्जा और मौकों के मामले में दबदबा बनाए रखा। भारत ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और दूसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनट में लगातार पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, जिनमें से आखिरी को मनप्रीत ने गोल में बदला। मनप्रीत ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के फ्लिक को हाफिजुद्दीन ओथमान के बचाए जाने के बाद रिबाउंड से गोल किया।

### 10 सितंबर से पहला आईजीपीएल टूर

**नई दिल्ली।** इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने 10 सितंबर से शुरू होने वाले अपने पहले टूर के कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। आईजीपीएल के सह मालिक और ब्रांड दूत युवराज सिंह ने गोल्फ पर इस टूर के संभावित प्रभाव की तुलना क्रिकेट पर आईपीएल प्रभाव से की। भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) और भारतीय महिला गोल्फ संघ (डब्ल्यूजीएआई) के साथ साझेदारी में आईजीपीएल टूर पर 10 प्रतियोगिता का कैलेंडर होगा, जिसकी शुरुआत 10 से 12 सितंबर तक चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में होने वाले पहले टूर्नामेंट से होगी।

## लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने छोड़ी बॉल, क्रिकेट को कहा अलविदा

**भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले**

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत के अनुभवी लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने गुरुवार को क्रिकेट के हर प्रारुप को अलविदा कर दिया, जिससे उनके दो दशक से अधिक के कैरियर पर विराम लग गया। भारत के लिए आखिरी बार 2017 में खेलने वाले 42 वर्ष के मिश्रा 2024 तक आईपीएल खेले हैं। उन्होंने कहा,' मैंने क्रिकेट से संन्यास का फैसला ले लिया है।'



### क्रिकेट ने दी अनमोल सीख

मिश्रा ने कहा,' क्रिकेट में मेरे जीवन के 25 साल (प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण 2000) यादगार रहे। मैं बीसीसीआई, प्रशासन, हरियाणा क्रिकेट संघ, सहयोगी स्टाफ, अपने साथी खिलाड़ियों और परिवार के सदस्यों का शुक्रगुजार हूं।' उन्होंने एक बयान में कहा,'मैं प्रशंसकों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा, जिनके प्यार और सहयोग ने मेरे सफर को और यादगार बनाया। क्रिकेट ने मुझे असंख्य यादें और अनमोल सीख दी है। मैदान पर बिताए गए हर पल को मैं हमेशा याद रखूंगा।' उनका आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच 2024 आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ था।

### पहला वनडे 2003 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ

मिश्रा ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बार बार लगने वाली चोटों और युवा पीढ़ी को मौका देने के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2008 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। वहीं भारत के लिए पहला वनडे 2003 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। हरभजन सिंह और अनिल कुंबले की टीम में जगह पक्की होने के कारण उन्हें टेस्ट पदार्पण के लिए इंतजार करना पड़ा।

### यूएई टीम का ऐलान, मतिउल्लाह और सिमरनजीत शामिल

**दुबई।** मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को घोषित 17 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज मतिउल्लाह खान और स्पिनर सिमरनजीत सिंह को शामिल किया।

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)**
**शाखा शारदा चौक, रायपुर, (छ.ग.)**

क्रमांक/886/ लेखा/2025 — **सूचना** — दिनांक 04/09/2025

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा- शारदा चौक रायपुर के समस्त सम्माननीय ग्राहकों को सूचित किया जाता है जिन भी खाता धारकों ने विगत तीन वर्षो एवं उससे अधिक से बैंक खातो में किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं किया है, भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र कं.RBI/2025-26/51DOR.AML.REC.30/14.01.001/2025-26 एवं RBI/2025-26/53 DOR.AML.REC.31/14.01.001/2025-26 Date 12 June 2025. के निर्देशानुसार शीघ्रताशीघ्र शाखा शारदा चौक, रायपुर (छ0ग0) में उपस्थित हो कर अपना K.Y.C जैसे कि आधार कार्ड, पैन कार्ड व मोबाईल नंबर एवं पत्र व्यवहार का स्थाई पता बैंक में जमा करना सुनिश्चित करें तथा बैंक शाखा के विभिन्न सुविधाओं का लाभ लेवें। अन्यथा RBI के परिपालन में खाता संचालन निषेध किया जावेगा।

शाखा प्रबंधक
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या, शाखा शारदा चौक, रायपुर

## गायकवाड़ की 184 रन की पारी से वेस्ट जोन की वापसी

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

रुतुराज गायकवाड़ ने यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर की नाकामी की भरपाई करते हुए 184 रन की शानदार पारी खेली, जिससे पश्चिम क्षेत्र ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ छह विकेट पर 363 रन बनाकर वापसी की। दिन का खेल खत्म होने पर तनुश कोटियान (नाबाद 65) और शारदुल ठाकुर (नाबाद 24) बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 'बी' मैदान पर क्रीज पर डटे थे। दिन के स्टार गायकवाड़ रहे, जिन्होंने पिछले महीने बुची बाबू टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ महाराष्ट्र के लिए 133 रन की पारी खेलने के बाद लगातार दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 206 गेंद का सामना किया।




**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)**
**शाखा शारदा चौक, रायपुर, (छ.ग.)**

क्रमांक/885/लेखा/2025 — **सूचना** — दिनांक 04/09/2025

छत्तीसगढ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) शारदा चौक, रायपुर (छ0ग0) 492001
लॉकर धारकों को सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (लॉकरों के किराए भुगतान में चूककर्ता) यह सूचना बैंक उन प्रतिष्ठित ग्राहकों के लिए है जिन्होंने हमारे बैंक शाखा में लॉकर किराए पर लिए हैं एवं करार का उल्लंघन किया हैं। लॉकर किराएदारों को शाखा के रिकार्ड में दर्ज पते पर नोटिस प्रेषित की गई जो शाखा को विभिन्न कारणों से जैसे लॉकर धारक का ना मिलना या निवास छोड देने के कारण वापस कर दी गई है। लॉकर धारकों से शाखा के रिकार्ड में दर्ज पते पर व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है तथा उनके वर्तमान पते का उल्लेख न होने के कारण निम्नलिखित सभी लॉकर धारकों को शाखा शारदा चौक में 15 दिनों के अंतर्गत संपर्क करके बैंक को देय राशि चुकाने हेतु यह नोटिस (सूचना) जारी की जा रही है। शाखा शारदा चौक रायपुर में लॉकर धारकों के उपस्थित नहीं होने पर लॉकर धारक की लागतए जोखिम एवं जिम्मेदारी पर लॉकर को तोड़कर खोल दिया जावेगा तथा शाखा के बकाया किराया, लागत एवं अन्य प्रभारों की वसूली हेतु बैंक ग्रहणाधिकार (लियन के अधिकार) का प्रयोग किया जावेगा।

LOCKER RENT DUE REGISTER

| S.No. | Cabinet Tipy | Locker No. | Locker Account No. | Customer Name | Pending Due Date | Rent Due (Rs.) Excl. Taxes |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Cabinet 02 | 111 | 115636 | Mrs. Saroj Khandelwal | 30/11/2022 | 2,100.00 |
| 02 | Cabinet 02 | 116 | 115681 | Mr. B.I. Shrivastava | 30/11/2018 | 4,200.00 |
| 03 | Cabinet 02 | 122 | 115738 | Mr. Mohd Javed | 30/11/2022 | 2,100.00 |
| 04 | Cabinet 02 | 123 | 115749 | Mr. A.S.Agasti | 30/11/2018 | 4,900.00 |
| 05 | Cabinet 02 | 133 | 115829 | Mr. N.D. Kurre | 30/11/2024 | 700.00 |
| 06 | Cabinet 02 | 144 | 116094 | Mr. Inder Bhatia | 30/11/2020 | 3,500.00 |
| 07 | Cabinet 02 | 148 | 116152 | Mr. Durg Prasad Pateriya | 30/11/2022 | 2,100.00 |
| 08 | Cabinet 03 | 182 | 116185 | Mr. Rupesh Dubey | 30/11/2023 | 1,400.00 |
| 09 | Cabinet 01 | 21 | 114961 | Mrs. Kamrunisha | 30/11/2019 | 4,200.00 |

शाखा प्रबंधक
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या, शाखा शारदा चौक, रायपुर

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992
ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com
**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम / फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सुपेला शाखा भिलाई 9752410771 | श्रीमती अवनी वर्मा (प्रोप.- मेसर्स इटरनिटी वर्क्स) और जमानतदार श्री नरेश लाल वर्मा (जमानतदार - मेसर्स इटरनिटी वर्क्स) बी-1/17, सूर्य विहार, फेस-2 जुनवानी भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)- 490020 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय संपत्ति हैं जो श्री नरेश लाल वर्मा पिता श्री लतेलराम वर्मा के नाम पर हैं, क्षेत्रफल - 1680 वर्गफीट स्थित पुराना खसरा नं.-1049/2, प.ह.नं.- 55/14, रानी अवंतिबाई कोहका वार्ड नं.-08, बजरंग नगर, मौजा कोहका भिलाई. सीमाएं: उत्तर: चंद्रशेखर प्रधान का मकान, दक्षिण: 20 फीट रोड, पूर्वः गीता चित्रव की भूमि, पश्चिम: दूसरे का प्लाट. | 16.06.2025 रु. 12,19,166.76 + ब्याज + अन्य प्रभार 03.09.2025 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं।

दिनांक: 05.09.2025, स्थान: भिलाई, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

**इंडियन बैंक Indian Bank** — इलाहाबाद ALLAHABAD
**इंडियन बैंक** अंचल कार्यालय, रायपुर (छ.ग.)
**ई-नीलामी** दि.- 25.09.25 एवं 10.10.25

परिशिष्ट-IV-क {(नियम- 8(6) का परन्तुक देखें} **अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **प्रतीकात्मक कब्जा** इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे उल्लेखित खातों में देय राशी की वसूली हेतु बेचा जाएगा. उधारकर्ता(ओं) / जमानतदार(ओं)/ प्रतिभूत संपत्तियों/ बकाया राशी / आरक्षित मूल्य/ अग्रिम राशी / ई-नीलामी की तिथि व समय एवं बोली वृद्धि राशी का विशिष्ट विवरण नीचे वर्णित है:-

**संख्या क्र. 1 के लिए ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 25.09.2025, प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक**

| क्र. | उधारकर्ता व जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण / संपत्ति का अन्य ऋण भार | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य | अग्रिम राशि | बोली जमा करने की वृद्धिशील राशि | संपत्ति आईडी क्र. / नीलामी आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा- सुपेला, भिलाई उधारकर्ता - मेसर्स शंकर केमिकल्स एंड ट्रेडिंग कंपनी, प्रो.- श्री तपन कुमार दास, पता - प्लॉट नंबर 50 (भाग), लाइट इंडस्ट्रियल एरिया, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग). उधारकर्ता व जमानतदार- श्री तपन कुमार दास पिता श्री अमूल्य कुमार दास एवं जमानतदार/बंधककर्ता- श्रीमती तापी दास पति श्री तपन कुमार दास, | संपत्ति क्रमांक 1) मकान नंबर एमआईजी-I/2123, मौजा-एम.पी. हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक एस्टेट, भिलाई, तहसील एवं जिला - दुर्ग (छ.ग) में क्षेत्रफल - 594.92 वर्गफुट (55.29 वर्ग मीटर) पर स्थित लिसहोल्ड आवासीय परिवर्तित भूमि में सामयिक बंधक दो मंजिला भवन, मालिकाना हक - श्रीमती तापी दास पति श्री तपन कुमार दास के पास दिनांक 01.03.2003 से शुरू होकर दिनांक 31.03.2033 को समाप्त होने वाली 30 वर्षों की अवधि के लिए संपत्ति का निर्बाध कब्जा है। सीमाएँ: उत्तर: सड़क, दक्षिण: एमआईजी- I/2126, पूर्व: सड़क, पश्चिम: एमआईजी-I/2124. संपत्ति का अन्य ऋण भार- ज्ञात नही, प्रतीकात्मक कब्जा, CERSAI ID-200071522244. | रु. 32292061/- + दिनांक 01.09.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्च | (संपत्ति क्रमांक 1 के लिए) रु. 18.25 लाख | रु. 1.82 लाख | रु. 10,000.00 | IDIB30548484676A नीलामी आईडी - 170771 |
| | | संपत्ति क्रमांक 2) सामियक बंधक लीज्ड भूमि एवं फैक्ट्री भवन स्थित प्लॉट नंबर 50 (भाग), मौजा गांव - छावनी, लाइट औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, तहसील एवं जिला - दुर्ग (छ.ग), कुल क्षेत्रफल- 49554.42 वर्गफुट में से क्षेत्रफल - 45000 वर्गफीट मेसर्स शंकर केमिकल्स एंड ट्रेडिंग कंपनी, प्रो.- श्री तपन कुमार दास पिता श्री अमूल्य कुमार दास नाम पर है। (वर्तमान पट्टेदार)- लीज़ अवधि:- दिनांक 27.01.1979 से प्रारंभ होकर 26.01.2078 को समाप्त होने वाली 99 वर्ष की अवधि के लिए है, पट्टादाता: डीटीआईसी, दुर्ग। सीमाएँ: उत्तर: प्लॉट नंबर 50 की शेष भूमि, दक्षिण: प्लॉट नंबर 51 का हिस्सा, पूर्व: प्लॉट नंबर 49 का हिस्सा, पश्चिम: सड़क, संपत्ति का अन्य ऋण भार- ज्ञात नही, प्रतीकात्मक कब्जा, CERSAI ID-200072345801. | | (संपत्ति क्रमांक 2 के लिए) रु. 1.73 करोड़ | रु. 17.30 लाख | रु. 25,000.00 | IDIB30548484676B नीलामी आईडी - 170954 |

संपर्क व्यक्ति:- सीताराम मुर्मू-9163708200
दोनो का सामान्य पता - एमआईजी-1/2123, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड, वार्ड क्रमांक 16, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.)

बैंक वेबसाइट www.Indianbank.in | ई-नीलामी वेबसाइट https://www.baanknet.com | दस्तावेज़ (बिक्री नोटिस की तस्वीर) | संपत्ति का स्थान | संपत्ति की तस्वीरें | संपत्ति का विडियो

**संख्या क्र. 2 के लिए ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 10.10.2025, प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक**

| क्र. | उधारकर्ता व जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण / संपत्ति का अन्य ऋण भार | बकाया राशि | आरक्षित मूल्य | अग्रिम राशि | बोली जमा करने की वृद्धिशील राशि | संपत्ति आईडी क्र. / नीलामी आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | शाखा- डी.डी.यू. नगर, रायपुर उधारकर्ता: मेसर्स छत्तीसगढ़ पेट्रोकेमिकल्स, प्रो.-शिवजी पांडे, पता- गांव हीरापुर, तेंदुआ रोड, अनमोल हार्डवेयर के सामने, रायपुर (छ.ग) एवं जमानतदार: श्रीमती रेखा पांडे पति श्री शिवजी पांडे, मकान नं. 02, विनायक विहार, डीडीयू नगर, रायपुर (छ.ग) | भूमि एवं भवन- खसरा नं.325/8, प.ह नंबर 104, रायपुर-1, विनायक विहार, डीडीयू नगर, रायपुर (छ.ग) पर स्थित संपत्ति का समस्त भाग तथा अंश, मालिकाना हक- श्रीमती रेखा पांडे. सीमाएँ: उत्तर- सड़क, दक्षिण- मनोज पांडे की संपत्ति, पूर्व-मनोज पांडे की संपत्ति, पश्चिम- पाठक जी का मकान। संपत्ति का अन्य ऋण भार- ज्ञात नही, प्रतीकात्मक कब्जा | रु. 4752316/- + दिनांक 28.03.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्च | रु. 34.65 लाख | रु. 3.46 लाख | रु. 10,000.00 | IDIB30157114381 नीलामी आईडी -170965 |

संपर्क व्यक्ति:- राहुल मेहता- 8972741758

बैंक वेबसाइट www.Indianbank.in | ई-नीलामी वेबसाइट https://www.baanknet.com | दस्तावेज़ (बिक्री नोटिस की तस्वीर) | संपत्ति का स्थान | संपत्ति की तस्वीरें | संपत्ति का विडियो

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करे : 9439223185 & 9089854157

**नोट: यह नोटिस उधारकर्ता/ जमानतदार /बंधककर्ता और कानूनी उत्तराधिकारियों के लिए भी है**
इच्छुक बोलीदाताओं / खरीदारों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन पोर्टल (https://www.baanknet.com) पर पंजीकरण करें। इसके अलावा, अपना ईकेवाईसी पूरा करने के बाद, इच्छुक बोलीदाताओं/ खरीदारों को ईएमडी राशि अपने ई-वॉलेट में दिनांक संख्या क्रमांक 1 के लिए- 24.09.2025 एवं संख्या क्रमांक 2 के लिए- 10.10.2025 तक, पोर्टल में ई-नीलामी तिथि और समय से पूर्व स्थानांतरित करनी होगी। पंजीकरण, ईकेवाईसी व वॉलेट में ईएमडी का हस्तांतरण नीलामी से पूर्व ही पूरा किया जाना चाहिए। संपत्ति के विवरण व संपत्ति की तस्वीर एवं नीलामी के नियमों व शर्तों के लिए कृपया देखें: https://www.baanknet.com एवं इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया संपर्क करें (फोन- 8291220220, ईमेल आईडी- support.baanknet@psballiance.com). बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे https://www.baanknet.com वेबसाइट पर संपत्ति खोजते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

दिनांक: 05.09.2025, स्थान- रायपुर / भिलाई — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# नॉन इंजीनियर की धांसू इंजीनियरिंग! पानी सप्लायर ने 35 हजार में बनाया जहाज

**समस्तीपुर।** बिहार का नाम सुनते ही लोगों के जहन में शिक्षा, संघर्ष और जुगाड़ तकनीक की एक अलग ही तस्वीर उभरती है। यहां के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस जरूरत होती है सही दिशा और थोड़े सहयोग की। ऐसी ही एक मिसाल बने हैं समस्तीपुर जिले के बिथान प्रखंड के रहने वाले राकेश पाल, जिन्होंने बिना किसी इंजीनियरिंग डिग्री के महज करीब 35,000 में पानी में चलने वाला देसी जहाज तैयार कर दिया। बाढ़ से जूझते इस इलाके में राकेश का यह आविष्कार अब उम्मीद की नई नाव बनकर उभरा है, जो न सिर्फ स्थानीय लोगों की मदद करेगा, बल्कि सरकारी सिस्टम को भी आईना दिखा रहा है।

### बाढ़ के संकट में बना जीवन रक्षक

बिथान इलाका हर साल बाढ़ की चपेट में आता है। नावों की भारी कमी और संसाधनों की अनुपलब्धता में यह देसी जहाज अब एक बड़ा सहारा बन सकता है। राकेश बताते हैं कि उन्होंने यह काम एक महीने में पूरा किया। शुरुआत में लोगों ने उनका मजाक उड़ाया।कहा, समय बर्बाद कर रहा है। लेकिन, अब वही लोग तारीफ करते नहीं थक रहे। परिवार वालों ने भी पहले खर्च को लेकर नाराजगी जताई, लेकिन राकेश के संकल्प के आगे सबको चुप होना पड़ा। उनका मानना है कि अगर उन्हें थोड़ी सी आर्थिक और तकनीकी मदद मिले, तो वे ऐसे और कई नवाचार कर सकते हैं, जो समाज के लिए बेहद उपयोगी साबित हों।

### जुगाड़ से बना जहाज, जिसने तकनीक की सीमाएं तोड़ीं



राकेश ह पेशे से एक पानी सप्लायर हैं, जो गांव-गांव जाकर लोगों को पानी मुहैया कराते हैं। इसी काम से जो थोड़ी बहुत कमाई होती है, उसी में से पैसा जोड़कर उन्होंने यह देसी जहाज तैयार किया है। लकड़ी से तैयार ढांचा, मोटरसाइकिल के इंजन से चलने वाली मशीन, कबाड़ से खरीदी गई बैठने वाला सीटें और मोटरसाइकिल की चेन से बना स्टीयरिंग सिस्टम, ये सब बताने के लिए काफी है कि राकेश की सोच कितनी व्यावहारिक और अनोखी है। यह नाव पेट्रोल से चलती है और इसमें 6 से 7 लोग आसानी से बैठ सकते हैं। इसकी रफ्तार 40 किमी/घंटा तक है, जो किसी देसी जुगाड़ के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### बिहार का जुगाड़ नहीं असली इनोवेशन है ये

राकेश की यह जुगाड़ वाली कहानी यह साबित करती है कि जुगाड़ सिर्फ काम चलाऊ तरीका नहीं होता, बल्कि यह भारत के नवाचार की असली पहचान है। जब बड़े-बड़े इंजीनियर करोड़ों खर्च करके समाधान ढूंढने में असफल हो जाते हैं, तब राकेश जैसे युवा चंद हजारों में वह कर दिखाते हैं, जिसे देखकर वैज्ञानिक भी चौंक जाते हैं। बिहार के गांवों में ऐसे कई अनसंग हीरो छिपे हैं, जिनका सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो वो तकनीक की दुनिया में क्रांति ला सकते हैं। राकेश पाल का यह पनिया जहाज न सिर्फ देसी जुगाड़ की जीत है, बल्कि यह एक संदेश भी है, प्रतिभा डिग्री की मोहताज नहीं होती।

# परपोती के साथ मॉल में शॉपिंग करने पहुंची 106 साल की महिला



**चंडीगढ़।** 106 साल की एक महिला का अपनी परपोती के साथ शॉपिंग करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। इंस्टाग्राम यूज़र यशवी रहेजा द्वारा पोस्ट की गई यह छोटी क्लिप पंजाब के राजपुरा स्थित वीटीसी फैशन मॉल में रिकॉर्ड की गई थी। इसमें एक 106 साल की महिला, जिन्हें प्यार से परदादी कहा जाता है, बहुत खुश होकर अपने लिए कपड़े पसंद करती नज़र आ रही हैं। वीडियो में एक टेक्स्ट भी था जिसमें लिखा था, 'उन्होंने कई पीढ़ियों को शादी करते देखा है और अब वो मेरे लिए खरीदारी कर रही हैं। 106 साल की उम्र में उनके लिए खरीदारी करने का सौभाग्य पाकर मैं बेहद खुशकिस्मत हूं। वीडियो में परदादी पूरे मन से शॉपिंग में बिजी दिखाई दे रही हैं, अपने लिए कपड़े चुनने की कोशिश कर रही हैं और उनकी परपोती उनके बगल में मुस्कुरा रही है। सोशल मीडिया यूज़र्स ने कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बाढ़ ला दी। उन्हें एक प्रेरणा, एक आशीर्वाद और यह साबित करने वाला कि उम्र सिर्फ़ एक संख्या है, बताया।

# तुर्की में कब्र से मिली 2,100 साल पुरानी देवता की मूर्ति!



**अंकारा।** दक्षिण-पूर्वी तुर्की में एक पुरानी कब्र से मिस्र के देवता जिनका नाम पटाइकोस है, बहुत ही पुरानी और दुर्लभ मूर्ति मिली है। इस मूर्ति की उम्र फिलहाल 2,100 साल बताई जा रही है। यह मूर्ति पोरे नाम के प्राचीन शहर में मिली है जो कभी कोमाजीन साम्राज्य का बड़ा केंद्र हुआ करता थी। बता दें कि तुर्की में इस तरह की ये पहली खोज है। इस खोज से पता चलता है कि मिस्र और यूनानी दुनिया के बीच कफी अच्छे संबंध थे और ये आपस में संस्कृतियों का आदान-प्रदान भी करते थे। साथ ही ये मूर्ति प्राचीन कोमाजीन शहर के बारे में भी बताती है। अदियमन संग्रहालय के निदेशक मेहमत अलकने का कहना है कि, खुदाई के दौरान पहली बार ऐसी कोई मूर्ति मिली है।

- वैज्ञानिकों बता रहे अब तक की सबसे बड़ी खोज

### वैज्ञानिकों ने मकबरे के बारे में क्या कहा?

इस मकबरे की बनावट सीढ़ी जैसी थी, इसलिए इसे 'अनंत काल की सीढ़ी' कहा जाता है। इसके अलावा ये मकबरा कोमागेने सभ्यता की संस्कृति और सोच को भी दिखाता है। यह मकबरा चट्टान को काट कर बनाया गया है, जिसमें 14 लोगों के शव रखे गए थे। ये लोग शायद उस इलाके अमीर या मशहूर लोग रहे होंगे। मकबरे के अंदर मिली चीजें और इसकी बनावट बताती है कि यहां के लोग अपनी पुरानी परंपराओं के साथ-साथ दूसरी संस्कृतियों में भी विश्वास रखते थे।

### मकबरे में क्या-क्या मिला?

पुरातत्वविदों को यहां मोती, ताबीज और छोटी मूर्तियां का खजाना मिला, लेकिन इसमें जो सबसे खास था वह है पटाइकोस की मूर्ति। पटाइकोस मिस्र के एक बौने देवता हैं जिसे बुरी आत्माओं को दूर भगाने और मरने के बाद लोगों की आत्माओं को रास्ता दिखाने वाला माना जाता था। यह खोज तुर्की के लिए बड़ी सफलता है, क्योंकि इससे पहली बार ये पता चला है कि मिस्र की मान्यताएं दूर-दराज के इलाकों में भी थीं।

# धरती के करीब से 45,000 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से सनसनाता निकला ऐस्टरॉइड

वॉशिंगटन। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने बयान में कहा है कि एक विशालकाय ऐस्टरॉइड की चपेट में आने से हमारी धरती बाल बाल बची है। नासा की हालिया खोज के मुताबिक, 2025 क्यूडी8 नाम का ऐस्टरॉइड, बुधवार यानी 3 सितंबर को धरती के काफी करीब से गुजरा रहा है। वैज्ञानिकों ने इस दुर्लभ नजारे को देखने की बात कही है। नासा ने कहा है कि ये ऐस्टरॉइड चंद्रमा से भी करीब से गुजरा रहा है। हालांकि, इस वजह से धरती पर कोई खतरा महसूस नहीं किया गया है। नासा ने कहा है कि यह ऐस्टरॉइड पृथ्वी से करीब 135,500 मील यानी 218,000 किलोमीटर की दूरी से गुजरा हो। रिपोर्ट के मुताबिक ये ऐस्टरॉइड करीब 22 मीटर चौड़ा था, जिसकी रफ्तार करीब 45,000 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई है। ये ऐस्टरॉइड तीन सितंबर की सुबह 11 बजे (ईटी) के आसपास धरती के पास से गुजरा है। नासा ने अब पुष्टि कर दी है कि यह पिंड किसी तरह का खतरा नहीं था, लेकिन इसकी नजदीकी ने वैज्ञानिकों को अध्ययन का बेहतरीन अवसर दिया। ऐस्टरॉइड 2025 QD8 को पृथ्वी के 'नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट' की श्रेणी में रखा गया है, यानी वह अंतरिक्ष पिंड जो धरती की कक्षा के बेहद करीब आता है।

### ऐस्टरॉइड की चपेट में आने से पृथ्वी बाल-बाल बची!



### सौ वर्षों तक टकराने का खतरा नहीं

आपको बता दें कि इससे पहले हाल ही में एक और छोटा ऐस्टरॉइड 2025 क्यूवी5, जो करीब 11 मीटर का था, वो भी धरती से करीब 8 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरा था। ऐसे छोटे-छोटे ऑब्जेक्ट्स के अध्ययन से वैज्ञानिक धरती की सुरक्षा प्रणाली और ऑर्बिटल भविष्यवाणियों को और बेहतर बनाते हैं। अब नासा का कहना है कि आने वाले 100 सालों तक कोई भी ज्ञात ऐस्टरॉइड धरती से टकराने का गंभीर खतरा नहीं है। फिर भी नासा की टीम लगातार ऐस्टरॉइड पर नजर रखेगी।



### इस खगोलीय नजारे के गवाह बने लोग

नासा के स्मॉल-बॉडी डेटाबेस के मुताबिक 140 मीटर से छोटे ऐस्टरॉइड शायद ही कभी धरती के लिए वैश्विक स्तर पर खतरा बनते हैं। फिर भी इनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखना वैज्ञानिकों की प्राथमिकता है। यही वजह है कि नासा के सेंटर फॉर नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज और प्लानेटरी डिफेंस कोऑर्डिनेशन ऑफिस लगातार ऐसे ऑब्जक्ट को मॉनिटर करते रहते हैं, और भविष्य में किसी संभावित खतरे की भविष्यवाणी करते हैं। नासा ने इस दुर्लभ दृश्य को यूट्यूब पर लाइव-स्ट्रीम भी किया गया था, जिससे दुनिया भर के लोग अपने घर बैठे इस खगोलीय नजारे के गवाह बने।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com